CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम : 10°C

नई दिल्ली, सोमवार 1 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 240 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आज से शुरू होगी बिजली बिल राहत योजना, ब्याज माफी में मिलेगी छूट पेज 2



आफरीदी को पीछे छोड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा खेल टाइम्स



सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी सम्पादकीय



नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील, भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### चक्रवात दितवा: कोलंबो से 177 तमिल सुरक्षित वापस लाए गए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को चक्रवात 'दितवा' से प्रभावित पड़ोसी देश श्रीलंका को हर संभव सहायता देने का वादा किया। इसके कारण उड़ानें रद्द होने के कारण कोलंबो हवाई अड्डे पर फंसे 177 तमिलों को पहले चरण में सुरक्षित रूप से राज्य वापस लाया जा चुका है। यहां जारी एक बयान में श्री स्टालिन ने कहा कि इन 177 तमिलों में 133 पुरुष, 60 महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। अनिवासी तमिल कल्याण और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए, कोलंबो में भारतीय दूतावास से संपर्क स्थापित किया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी रविवार सुबह 11:05 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। इस बीच मुख्यमंत्री ने पड़ोसी श्रीलंका में चक्रवात के कारण हुई व्यापक तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु सरकार की ओर से हर संभव मदद का वादा किया।

### ट्रक की टक्कर से टेम्पो सवार छह लोगों की मौत

**मुरादाबाद -ब्यूरो।** उप्र के मुरादाबाद जिले के कटघर क्षेत्र में ट्रक की रोडवेज बस की चपेट में आने से टेम्पो चालक समेत एक परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कटघर थाना क्षेत्र स्थित ज़ीरो प्वाइंट पर अनियंत्रित रोड़वेज बस ने सवारियों से भरे टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए तथा सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में टेम्पो चालक माटी उर्फ़ संजू पुत्र मुन्ना सिंह (30), सुमन (30), सीमा (35), आरती (20), अमन (15) तथा अनन्या (12) समेत एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई जबकि करनसिंह, रानी, झलक, अंशू तथा अनुष्का समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक होने से सभी को गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। हादसे की चपेट में आए चालक समेत उक्त सभी लोग कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर निवासी बताए गए हैं।

### दो बसों की आमने-सामने से टक्कर, 11 की मौत

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर के पास दो बसों के रविवार दोपहर आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 8 महिलाएं, 2 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। 20 से ज्यादा घायल हैं। शिवगंगा एसपी शिवा प्रसाद के मुताबिक घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। घटना के जो फोटो-वीडियो सामने आए हैं, उनमें नजर आ रहा है कि स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसें ड्राइवर साइड टकराईं। टक्कर के कारण बसों का मलबा सड़क पर फैल गया। लोगों की लाशें सीटों में फंसी हुई थीं। लोगों ने शवों को बाहर निकालने की कोशिश की। वहीं, स्थानीय लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला।

# सर्वदलीय बैठक में गूंजा एसआईआर का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विपक्षी दलों ने एसआईआर, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा जैसे कई मुद्दे उठाए और कहा कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने कहा कि यह पहला मौका है जब संसद सत्र केवल 19 दिनों का है और इसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा होनी है। उनका कहना था कि बैठक में उनकी पार्टी ने दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए। इसके साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को भी रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का व्यवहार संसद चलने को लेकर उत्साहजनक नहीं है। इतना छोटा सत्र बुलाकर सरकार खुद ही सन्देश दे रही है कि वह संसद चलने को लेकर बहुत गंभीर नहीं है। डीएमके के तिरुचि शिवा ने कहा कि एसआईआर और देश की सुरक्षा इस समय महत्वपूर्ण मुद्दा है। मनरेगा को लगातार कमजोर किया जा रहा है और सरकार हर काम में मनमानी कर रही है। संसद का अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र बुलाया जा रहा है। इसमें बड़ी बात यह है कि 15 दिन का सत्र है और इसमें 14 विधेयक पारित होने हैं। तमिलनाडु की सरकार अनदेखी कर रही है।



**विपक्ष ने कहा: SIR, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर संसद में चर्चा हो**

### सर्वदलीय बैठक महज औपचारिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता करार दिया और कहा कि सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। बैठक में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक औपचारिकता है। यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा। मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं।

### अत्यंत उपयोगी रही सर्वदलीय बैठक : रिजिजू

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है किबुलाई गई सर्व दलीय बैठक सौहार्दपूर्ण रही है और भरोसा है कि शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सरकार को सभी दलों का सहयोग मिलेगा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी दलों के सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक बहुत अच्छी, अत्यंत उपयोगी और सौहार्दपूर्ण रही।

### संसद में सरकार को घेरने की रणनीति पर कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी की संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक हुई जिसमें एसआईआर, दिल्ली विस्फोट, दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर पूरे विपक्ष के साथ लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर विचार किया गया। श्रीमती गांधी के आवास पर हुई इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पी. चिदंबरम, गौरव गोगोई, के सुरेश, मनीष तिवारी, मणिकम टैगोर, प्रमोद तिवारी सहित कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

# SIR की डेडलाइन सात दिन बढ़ी

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसम्बर तक चलेगा, फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को होगी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 11 दिसम्बर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसम्बर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसम्बर तक बढ़ाई गई है।

आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसम्बर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवम्बर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसम्बर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसम्बर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसम्बर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। इसी अवधि में चुनाव आयोग नोटिस जारी कर मतदाताओं से जवाब भी तलब करेगा। 10 फरवरी को सभी पैमानों पर मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल को परखा -शेष पृष्ठ दो पर



### मुरादाबाद में बीएलओ ने फांसी लगाई

**मुरादाबाद-ब्यूरो।** एसआईआर ड्यूटी में लगे (शिक्षक) बीएलओ ने सुसाइड नोट लिख कर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्राह्मन निवासी सर्वेश कुमार (40) मुरादाबाद जिले के गांव जाहिदपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। एसआईआर के काम के लिए उन्हें बूथ नंबर 406 का बीएलओ बनाया गया था। परिजनों द्वारा पुलिस को पूछताछ में बताया गया है कि शनिवार की रात वह अपने कमरे में जाकर सो गए। रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे शिक्षक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर मौका मुआयना करने के दौरान वहां एक सुसाइड नोट मिला। मृतक के भाई प्रमोद की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**15 जनवरी तक आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे मतदाता, मतदाता सूची की जांच 10 फरवरी को होगी**

### बीएसओ को मिलेगी डबल सैलरी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपये सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएसओ सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपये कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को बीएसओ का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (एईआरओ) को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख बीएसओ काम कर रहे हैं। हर एक बीएसओ के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है। चुनाव आयोग ने लिखा है कि प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं।

# नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया गांधी व राहुल पर नई FIR

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। तीन अक्टूबर को दर्ज की गई एक एफआईआर में छह अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

उन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है। मुकदमे के विवरण के अनुसार गांधी परिवार ने अपनी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कंपनी यंग इंडियन के जरिए एजेएल का अधिग्रहण कराया। एजेएल कांग्रेस से जुड़ी कंपनी है और इसकी अनुमानित संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये है। पुलिस की यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच इकाई की शिकायत पर हुई है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में काफी समय से जारी धन शोधन जांच के निष्कर्ष दिल्ली पुलिस को सौंपे थे। ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) का इस्तेमाल किया, जिसके तहत वह किसी अन्य एजेंसी को अनुसूचित अपराध की जांच करने का निर्देश दे सकता है। यही अपराध बाद में ईडी के धन शोधन मामले का आधार बन सकता है। एफआईआर में गांधी परिवार के अलावा सैम पित्रोदा, तीन कंपनियां-एजेएल, यंग इंडियन और कोलकाता की डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल हैं।



**पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की, एजीएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप**

### सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ नई प्राथमिकी पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज नई प्राथमिकी को लेकर कांग्रेस ने कहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न और बदले की राजनीति जारी रखे हुए है तथा नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह फर्जी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और बदले की अपनी शरारती राजनीति जारी रखे हुए हैं।

# चांद से नमूने लाएगा इसरो का चंद्रयान-4: डा. नारायणन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2028 तक भारी लैंडर और रोवर के साथ चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो प्रयोग के लिए चांद से नमूने लेकर धरती पर वापस आएगा।

इसरो चेयरमैन डा. वी. नारायणन ने शनिवार शाम यहां एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में कहा कि इस मिशन में उनके खास पेलोड, लैंडर और रोवर का वज़न अधिक होगा। ये चांद की सतह से नमूने लेंगे। यह क्षमता अभी सिर्फ़ अमेरिका, रूस और चीन ने दिखाई है। डा. नारायणन ने बताया कि जहां चंद्रयान-3 के लैंडर का वज़न सिर्फ 1600 किलो था, वहीं चंद्रयान-4 के लैंडर का वज़न 6,800 किलोग्राम होगा।

**इसरो चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की बना रहा योजना**



रांची: विराट कोहली के शतक लगाने के बाद उनका फेन मैदान पर पहुंच गया।

# ए320 परिवार के विमानों पर अनिवार्य सॉफ्वेयर अपडेट




**नई दिल्ली।** ए320 परिवार के विमानों पर फ्लाइट कंट्रोल की समस्या से संबंधित सॉफ्टवेयर अपडेट का काम सभी एयरलाइंस ने पूरा कर लिया है।

जेटब्लू की उड़ान 1230 में 30 अक्टूबर को हुई घटना के बाद एयरबस ने दुनिया भर में ए320 परिवार (ए319, ए320 और ए321) के कई संस्करणों के लिए अनिवार्य अपडेट संबंधी मशविरा जारी किया है। यह समस्या विमान के फ्लाइट कंट्रोल से संबंधित है। इसके बाद पहले यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) और फिर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस के लिए निर्देश जारी किए थे। भारत में तीन विमान सेवा कंपनियों इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास ए320 परिवार के विमान हैं। इनमें जिन 338 विमानों पर अपडेट की जरूरत थी। उनमें 200 विमान इंडिगो के पास, 113 एयर इंडिया के पास और 25 एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास हैं। डीजीसीए के अपडेट में बताया गया है कि इंडिगो ने सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है। एयर इंडिया ने 100 विमानों पर अपडेट पूरा कर लिया है, जबकि उसके चार विमान बेस मेंटेनेंस के लिए गए हुए हैं और नौ अन्य पर यह अपडेट लागू नहीं होता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 25 में से 23 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है, जबकि दो अन्य मरम्मत के लिए गए हुए हैं।

**सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया गया: डीजीसीए**

# नवम्बर भारतीय खेलों के लिए रहा शानदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा।

शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवम्बर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ द्य इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ। पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फार लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और आस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है। उन्होंने त्योहार और नए साल की खरीदारी में भी वोकल फार लोकल अपनाने की अपील की। पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में प्छै माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुड्डुचेरी- मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए।



**मन की बात में पीएम ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी**

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा केंद्रों की सूची संशोधन चार दिसम्बर तक: भगवती सिंह

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह सूची एक नवम्बर 2025 तक जिलों से प्राप्त तहसील स्तर की समितियों द्वारा प्रमाणित/अपडेट की गई विद्यालयों की सूचनाओं के आधार पर तैयार की गई है। रविवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी विद्यालय, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, छात्र या अभिभावक को प्रस्तावित परीक्षा केंद्र को लेकर कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वे इसे उचित कारण एवं प्रमाण सहित चार दिसम्बर तक ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे और आवश्यकतानुसार उन्हें केंद्रीकृत केंद्र निर्धारण समिति को भेजेंगे।

### यूपीएफसी की ईपीएफओ परीक्षा संपन्न

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ईपीएफओ भर्ती परीक्षा 30 नवम्बर को प्रयागराज के 58 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गई। एनफोर्समेंट ऑफिसर (ईओ), एकाउंट ऑफिसर्स (एओ) और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (एपीएफसी) पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। प्रयागराज में कुल 22831 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बताया, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 58 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी।

### उप्र में आज से शुरू होगी 'बिजली बिल राहत योजना

# विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी ब्याज माफी व छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहली बार 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1 दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' लागू होने जा रही है। यह योजना घरेलू (अधिकतम 2 किलोवाट) और वाणिज्यिक (अधिकतम 1 किलोवाट) उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

योजना में पहली बार उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। योजना के तहत बकाया बिजली बिल आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा होगी। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में भी मुकदमों और एफआईआर के निस्तारण का मार्ग खुल जाएगा। उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण और भुगतान करेंगे, उन्हें उतना अधिक लाभ मिलेगा। बढ़े हुए बिलों को सिस्टम द्वारा औसत खपत के अनुसार स्वत: कम करने की सुविधा भी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक उपभोक्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी मामलों के समाधान के लिए अत्यंत लाभकारी है। पहली बार सरचार्ज पूरी तरह माफ है और मूलधन में भी बड़ा लाभ मिल रहा है। इसलिए हर उपभोक्ता को योजना के लिए प्रेरित किया जाए। डा. गोयल ने निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को फोन कॉल, व्यक्तिगत मुलाकात और मुनादी के माध्यम से बताया जाए। हर पात्र उपभोक्ता तक नोटिस, योजना-पम्पलेट और बकाया विवरण के तीन दस्तावेज पहुंचाए जाएं। माइक्रो प्लान बनाकर कर्मचारी एवं फिनटेक एजेंसियों को घर-घर संपर्क हेतु लगाया जाए। वही जिन क्षेत्रों या गांवों में बकाएदारों की संख्या अधिक है, वहां विशेष कैंप लगाया जाए और पूरे गांव को कवर किया जाए। बिजली चोरी मामलों में लोगों को बताया जाए कि यह योजना मुकदमे व एफआईआर समाप्त करने में मददगार है। योजना में शामिल होने के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या सम्बंधित खंड/उपखंड कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण 2000 रुपये जमा करना होगा।योजना के अंतर्गत बिजली विवादों और विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का भी पंजीकरण कराकर समाधान कराया जा सकेगा। साथ ही कार्मिकों और कलेक्शन एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है।

## सरकार ने 154 शिक्षकों को दिया पुरानी पेंशन योजना का लाभ

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के 154 शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने पर सहमति प्रदान की है। इन कार्मिकों में प्रवक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने यह निर्णय राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से ओपीएस में सम्मिलित किए जाने संबंधी प्रस्तावों के गहन परीक्षण के बाद लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षकों के हितों, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। शिक्षक समाज की बौद्धिक नींव हैं, और उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार का दायित्व है, जिसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया जा रहा है। इस संबंध में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी द्वारा जारी आदेश में निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को निर्देश दिया गया है कि आदेश निर्गत करने से पहले सभी 154 प्रकरणों के अभिलेखों की सत्यता और प्रमाणिकता का पुनर्परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।

# एसआईआर लोगों के लिए बनी मुसीबत का सबब: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: उप्र जैसे बड़े राज्य में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है।

बीएलओ पर काम का अतिरिक्त दबाव है, जिसका असर उनकी शारीरिक-मानसिक स्थिति पर पड़ता दिखाई दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में निर्वाचन आयोग ने चार दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक एसआईआर का समय बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यवहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में यह आशंका होती है कि निर्वाचन आयोग को अपनी साख, चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की परवाह नहीं रह गई है। वह भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाली सस्था बन गई है। बिहार में एसआईआर के दौर में लाखों लोग मताधिकार से वंचित रह गए। शक यही होता है कि कहीं उत्तर प्रदेश में भी होने वलो चुनावों के मद्देनजर विपक्षियों के वोट काटने की साजिश तो नहीं हो रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ यह खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। एसआईआर में कम समय में ज्यादा काम का बोझ और ऊपर से नौकरी की धमकियों से बीएलओ की एक बड़ी जमात बहुत परेशान, हताश है और कुछ तो अवसाद में आत्महत्या तक कर चुके है। अभी तक उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा बीएलओ की मौत हो चुकी है।

## लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली भाजपा सरकार

**लखनऊ।** लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में बड़े पैमाने पर इवेंट आयोजित करने और उसके लिए पार्किंग जैसी व्यवस्था करने की चर्चाओं के बीच राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच ससपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ की जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'पैसे के लालच में' लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली हुई है। यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र पार्क केवल एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि लखनऊ की स्वच्छ हवा, हरियाली और पर्यावरण संतुलन का प्रमुख आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी इवेंटबाजी के लिए पार्कों को विशाल मंच और पार्किंग स्थल में बदलना चाहती है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति या दल द्वारा विरोध करने पर सरकार उसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश करेगी, इसलिए यह आंदोलन नागरिकों द्वारा मिलकर चलाया जाना चाहिए।

# धर्मांतरण, लव जिहाद और नशा कर रहा समाज को कमजोर, सजग रहने की जरूरत: योगी

लखनऊ/झज्जर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत जब-जब स्वर्णयुग की ओर बढ़ा है, तब-तब विदेशियों ने विभिन्न माध्यमों से प्रहार करने की कोशिश की है। आज भी धर्मांतरण, लव जिहाद और नशे के जरिए समाज को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, जिनसे सजग रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के झज्जर जनपद के कबलाना गांव स्थित बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ मान के भव्य भंडारे में शामिल होकर समाज और संत समुदाय को सतर्क रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा अनिवार्य है। जब हम बंटे, तब-तब हमें नुकसान हुआ।

इसलिए न जाति के नाम पर बंटना है, न क्षेत्र और न ही भाषा के आधार पर। उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर परिसर में फहराए गए भगवा धर्मध्वज का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां सनातन की विजई ध्वजा लहरा रही है, वैसे ही हर सनातनी के घर पर धर्मध्वजा दिखनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा भी डबल इंजन सरकार की बदौलत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

## घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान:सीएम



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

## कफ सिरप तस्करी का मास्टरमाइंड जायसवाल गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने कोलकाता से कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया, जब वह विदेश भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने कोलकाता में ट्रांजिट रिमांड के लिए स्थानीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके क्रम में अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रविवार को बताया कि 18 अक्टूबर को सोनभद्र में चेकिग के दौरान दो कंटेनरों से कुल 1,19,675 कफ सीरप की शीशियां बरामद की गई थीं। इसके अतिरिक्त, आरोपी बृज मोहन व शिवहरि की सूचना के आधार पर सोनभद्र पुलिस ने गाजयिाबाद में संयुक्त कार्यवाही कर चार ट्रकों से भारी मात्रा में कफ सीरप तथा 20 लाख रुपये फंडिग की नकदी बरामद की थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि भोला प्रसाद जायसवाल द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची झारखंड के माध्यम से बड़े पैमाने पर कफ सीरप की नकली बिलिग कर विभिन्न जनपदों में अवैध वितरण किया जा रहा था।



**सेंसेक्स** 85720.38
**निफ्टी** 26215.55



**सोना रु.** 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 160800
प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा घरेलू कारकों का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू कारकों का असर हावी रहेगा। सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हो सकती है और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 86 हजार अंक के पार बंद हो सकता है।

पिछले सप्ताह बीच कारोबार में इसने 86 हजार अंक का आंकड़ा छुआ था, लेकिन वहां टिक नहीं सका था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए जिसमें वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत दर्ज की गई। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ा था। इसका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। इसके अलावा अगले सप्ताह अक्टूबर के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, विनिर्माण क्षेत्र के लिए नवम्बर के पीएमआई और नवम्बर के वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने वाले हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक भी 03.05 दिसम्बर तक होने वाली है। इन सभी कारकों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है।

बीते सप्ताह 30 शेयरों वाला संवेदी सेंसेक्स 474.75 अंक (0.56 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान पहली बार यह 86 हजार अंक के पार पहुंचने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 26,300 अंक के पार गया था। शुक्रवार को यह 26,202.95 अंक पर बंद हुआ, जो 134.80 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दिखाता है। सप्ताह के दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली का जोर रहा, वहीं छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे, जबकि अन्य 30 लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 3.83 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.25 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.89, अडानी पोर्ट्स का 2.51, बजाज फिनसर्व का 1.96 और कोटक महिंद्रा बैंक का 1.80 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 1.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.21 और एलएंडटी का 1.12 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में भी तेजी रही। भारती एयरटेल में 2.86 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही।

## रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। एमपीसी की बैठक 03 से 05 दिसम्बर को होने वाली है। इससे पहले अक्टूबर को हुई बैठक में रेपो तथा अन्य नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार आरबीआई गवर्नर ने कहा था कि मुद्रास्फीति की कम दरों को देखते हुए रेपो दरों में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन केंद्रीय बैंक और आंकड़ों का इंतजार करेगा। वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती तथा अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर उच्च आयात के प्रभाव को देखना चाहेगा। इन दोनों ही मोर्चों पर आंकड़े काफी अच्छे आए हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी में भी तेजी रही, जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़ी और सप्ताहांत पर यह 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। गेहूं 10 रुपये टूटकर 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 3,302.14 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल 59 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 46 रुपये और सोया तेल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। वनस्पति नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल की कीमत 22 रुपये और सूरजमुखी तेल की पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मूंग दाल की कीमत 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 27 रुपये और उड़द दाल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गईं। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल।

## प्रयागराज में माघ मेले की तैयारियां चरम पर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला 2026 की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी विभागों ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। मेला क्षेत्र में प्रतिदिन डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल दस्ते संयुक्त रूप से चेकिग अभियान चला रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा एजेंसियां लगातार पीपा पुल, महत्वपूर्ण मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चला रही हैं। जैसे-जैसे माघ मेले की तिथि नजदीक आ रही है, प्रशासन सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रही हैं। तीन जनवरी 2026 से शुरू होने वाले माघ मेले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दे चुके हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**SIR** की... जाएगा। इसके बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची के प्रकाशन की अनुमति दी जाएगी। 12 राज्यों में जारी एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता के रेड-लाइट इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान समस्याओं का भी संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग 2 और 3 दिसम्बर को विशेष शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है। निर्णय तीन संगठनों- सोसाइटी ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्शन, उषा मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और अमरा पदातिक की तरफ से उठाई गई चिंताओं के बाद लिया गया है। संगठनों ने बताया कि यौन कर्मियों को फार्म भरने में कठिनाई हो रही है। एसआईआर से जुड़ी चिंताओं के बीच राज्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि सोनागाछी सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष सुनवाई का इंतजाम किया जाएगा। पात्र मतदाताओं की हरसंभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि वे खुद भी एक शिविर में शामिल हो सकते हैं। सीईओ मनोज अग्रवाल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रेड लाइट इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करें। निर्वाचन आयोग की तरफ से हर दिन शाम में बुलेटिन जारी कर एसआईआर के आंकड़े साझा किए जाते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की डेडलाइन बढ़ाने से पहले जो अंतिम आंकड़े जारी किए गए, उसके मुताबिक 29 नवम्बर की शाम तीन बजे तक 12 राज्यों में 99.53 फीसदी इन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इनमें से 78.97 फीसदी फार्म्स को डिजिटाइज किया जा चुका है। इन आंकड़ों में राजस्थान की अंता विधानसभा सीट के आंकड़े शामिल नहीं हैं। इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण एसआईआर टाल दिया गया था। यहां मतदाताओं की गिनती का फेज 8 दिसम्बर से शुरू होगा। 50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

# कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठा आरोप लगा रही: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फंसाने का झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। यह दावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष किया।



प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर कांग्रेस पार्टी के झूठे और बेबुनियाद बताने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सीधा लूट और भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार आने से पहले का है। ईडी ने जो कार्रवाई की, उसमें नेशनल हेराल्ड के पूरे इतिहास को देखा गया।

प्रसाद ने कहा कि जब शिकायत की गई, तब ये लोग (कांग्रेस) मामले को समाप्त कराने के लिए गए थे, लेकिन उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय नहीं माना और ट्रायल फेस करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इसी मामले आय कर विभाग ने भी इनके आवेदन को खारिज कर दिया था। प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच में पाया गया कि इसमें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जुड़ा है।

इसी वजह से दिल्ली पुलिस से पुलिस से एफआईआर दर्ज करने को कहा गया। श्री प्रसाद ने बेहद तल्ख लहजे में कहा कि आप (कांग्रेस) लूट करेंगे, फर्जीवाड़ा करेंगे और कहेंगे कि हमें फंसाया जा रहा है। ये सीधा लूट का मामला है। प्रसाद ने कहा कि यह सभी को पता है कि 90 करोड़ की संपत्ति को कैसे 50 लाख रुपये में नई कंपनी के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि जब सरकार और कानून अपना काम कर रही है तब कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर मामले में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गुरुद्वारे के सामने मीट फेंककर माहौल बिगाड़ने का प्रयास

## थापर नगर में है गुरुद्वारा, मुस्लिम को मकान बेचने पर चल रहा है विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थापर नगर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा रविवार को माहौल बिगाड़ने की साजिश रची गई। रविवार सुबह यहां किसी ने गुरुद्वारे के सामने मीट फेंक दिया और फरार हो गए। इसके बाद लोग एकत्र होने शुरू हो गए और पुलिस को बुला लिया। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। बतादें कि थापर नगर हिंदू बाहुल्य इलाका है।



मौके पर घटना की जानकारी लेते एसपी सिटी।

तीन दिन पहले यहां नरेश कालरा ने अपना मकान सईद अहमद नाम के व्यक्ति को बेच दिया जिसका क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों ने विरोध कर दिया। सड़क से लेकर थाने तक विरोध हुआ। हिंदूवादी नेता सचिन सिरोही थाने में धरने पर भी बैठ गए। हालांकि देर शाम तीन दिन की मोहलत देकर धरना समाप्त कर दिया गया। अभी इस मामले को लेकर पुलिस और प्रशासन कार्रवाई कर ही रहा था कि रविवार सुबह असामाजिक तत्वों ने यहां बने गुरुद्वारे के सामने मीट फेंक दिया। सुबह जब लोग उठे तो गुरुद्वारे के सामने मीट देखकर हैरान रह गए। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जानबूझकर माहौल बिगाड़ने और दबाव बनाने की नीयत से यह कृत्य किया गया है। गुरुद्वारे के सामने मीट फेके जाने की सूचना पर इंस्पेक्टर सदर बाजार विजय कुमार राय मौके पर पहुंच गए। गुरुद्वारे के बाहर जो सीसीटीवी कैमरा लगा है वह बंद है। पुलिस फिलहाल इस रूट पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरो से आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है। हंगामे के बाद एसपी सिटी भी मौके पर पहुंचे उन्होंने लोगों को आरोपी पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कॉलेज छोड़ने जा रहे भाइयों पर जानलेवा हमला, दी तहरीर

## एक की हालत गंभीर, डाक्टर ने घायल को किया मेरठ रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कॉलेज छोड़ने जा रहे बहन पर अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर युवको ने भाईयों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए फलावदा सीएससी पर ले गए। जिसमें एक भाई की हालत गंभीर होने के कारण मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

जबकि दूसरे घायल भाई का इलाज फलावदा में ही चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित अक्षय पुत्र देवेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार सुबह वह अपनी बहन व बड़े भाई हिमांशु को कॉलेज छोड़ने जा रहा था उनका आज पेपर था। जैसे ही वह गांव से बाहर महलका मार्ग पर स्थित सरकारी टंकी के पास पहुंचा तो वहां गांव के ही चार युवकों ने उसकी बहन को गलत टिप्पणी व गंदी गालियां दी। विरोध करने पर बहन के साथ हाथापाई की और उनकी बाइक के आगे खड़े होकर जबरदस्ती रोक लिया। दोनों



भाइयों द्वारा विरोध करने पर चारों युवकों ने लोहे की राड व धार-धार हथियारों से जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया जिससे अक्षय के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुआ है। जबकि उसका भाई हिमांशु भी घायल है। पीड़ित ने बताया कि सभी आरोपियों ने तमंचे निकाल कर उनकी गर्दन पर रखते हुए हत्या करने की धमकी दी है। पुलिस जांच में जुटी है।

# दरोगा पर बाइक फूंकने का आरोप

## घटना सीसीटीवी में हुई कैद, पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहियानगर क्षेत्र में एक महिला ने स्थानीय दरोगा स्नेह प्रकाश पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना लोहिया नगर में तहरीर दी है। आयशा निवासी काशीराम कॉलोनी ने आरोप लगाया कि दरोगा स्नेह प्रकाश लंबे समय से उस पर पुलिस का रौब दिखाकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था।

पीड़िता के अनुसार, वह दरोगा की पत्नी पूनम का मेकअप करने के लिए पार्लर जाती थी, इसी दौरान दरोगा से उसकी जान पहचान हुई। दरोगा लगातार उसे परेशान करने लगा और मना करने पर लगातार धमकियां देता रहा। पीड़िता का कहना है कि उसने यह बात उसकी पत्नी पूनम को भी बताई थी, जिसके बाद दरोगा और अधिक नाराज हो गया तथा 10,000 की मांग करने लगा। पीड़िता के अनुसार, दबाव में आकर उसने 5 हजार दरोगा के खाते में ट्रांसफर भी किए थे, जिसके बाद दरोगा और अधिक उग्र हो गया। तहरीर में बताया गया है कि 29 नवम्बर की रात करीब 10 बजे दरोगा स्नेह प्रकाश अपने एक साथी के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और उसके परिवारजनों के साथ मारपीट व गाली गलौच की। पीड़िता के बेटे ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस बुला ली, जिसके बाद आरोपी मौके से चले गए। आरोप है कि इसी रात करीब 2 बजे दरोगा दुबारा एक अज्ञात साथी के साथ लौटा और हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर पीड़िता के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल और दो स्कूटी व अन्य वाहन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आगजनी में पीड़िता के



बेसमेंट में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड, 85 हजार नकद सहित अन्य सामान भी जलकर नष्ट हो गया। पीड़िता का कहना है कि घटना मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ दिखाई दे रही है। उसने इसकी सूचना 112 और थाना पुलिस को दोबारा दी। पीड़िता ने थाना लोहियानगर में दिए प्रार्थना पत्र में आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

# जानी ब्लॉक परिसर पहुंचे डीएम ने महिला बीएलओ को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को जानी ब्लॉक परिसर में डीएम वी. के. सिंह ने ब्लॉक अधिकारियों के साथ एसआईआर फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया के बारे में। जाना और इसे जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा की इसको जल्द से जल्द अपडेट करें और सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द अपना काम पूरा करें। वहीं सिवाल खास विधानसभा के गांव की आंगनवाड़ी कार्यकारिणी ढिडाला से सुनीता जमालपुर माजरा की बबीता खेडकी मुजक्कीपुर की मधुबाला किठौली की धीर सिंह रघुनाथपुर की मिथलेश को जिलाधिकारी वी.के. सिंह ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। वहीं डीएम वी के सिंह ने कहा कि भविष्य में हमेशा ऐसे ही मेहनत और लगन से काम करें। इस मौके पर प्रभाकर त्रिपाठी निर्वाचन रजिस्टर्ड अधिकारी, खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार, सहायक अधिकारी कोमल, ब्लॉक अधिकारी पंकज कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# जानी पुलिस ने तमंचे के साथ एक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को जानी थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को तमंचे व दो कारतुस के साथ दबोच लिया और चालान कर दिया। हलका इंचार्ज आलोक कुमार ने बताया की वह रविवार को जानी नहर पुल पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो आरोपी के पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया की वह किसी राहगीर को लूटने की फिराक में था। आरोपी पर भावनपुर थाने में भी मामला दर्ज है। आरोपी की पहचान आजाद पुत्र यासीन थाना भावनपुर है फिलहाल वह जानी खुर्द में रह रहा था।

# किठौर विधानसभा में तेजी से चल रहा एसआईआर का कार्य

■ चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म जमा करने की तारीखों में किया बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर विधानसभा में एसआईआर फार्म पंजीकरण अभिक्रिया तेजी से चल रही है। चुनाव आयोग ने इसकी समय सीमा 4 दिसंबर तय की है। बीएलओ लगातार अधिक से अधिक गणना प्रपत्र भरने की कोशिश कर रहे हैं। मेरठ डीएम ने सभी विद्यालयओं को आदेश दिया कि रविवार में विद्यालय खुलेंगे और सभी अध्यापक बीएलओ की गणना प्रपत्र भरने में मदद करेंगे। किठौर विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में अध्यापकगणों ने बूथ लेवल अधिकारी की गणना प्रपत्र भरने में मदद की। पीएम श्री विद्यालय बेहरोरा, आदर्श विद्यालय बेहरोरा, नंबर दो में उपस्थित सभी अध्यापकगणों ने बूथ लेवल अधिकारी की सहायता की और उनके गणना प्रपत्र को भरा, जिसमें उमेश कुमार, पवन कुमार, पूनम त्यागी, संदीप कुमार, नसीम खातून, विरासत अली, प्रेमचंद, तशरीफ अली आदि अध्यापकगणों ने गणना प्रपत्र भरने में सहायता की और काफी संख्या में गणना प्रपत्र भरे। ज्ञात जानकरी के अनुसार चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कि समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। अब वोटर लिस्ट रिवीजन से जुड़े सभी चरण नई तारीखों के अनुसार पूरे किए जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर अब 11 दिसंबर तक अपडेट किया जा सकता है। अब ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को जारी होगी।



# सरधना में सफाई व्यवस्था चरमराने से नगरवासी बेहाल



■ एसआईआर सर्वेक्षण में जुटे पालिकाकर्मी, नगर का हाल बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर सर्वेक्षण के दौरान प्रशासन द्वारा पालिका कर्मचारियों को भी इस अभियान में लगाया गया है, जिसके चलते एक पखवाड़े से नगर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है जिससे नगरवासियों का हाल बेहाल बना हुआ है।

नगर के प्रमुख बाजार गंज बाजार, कालंद चुंगी, देवी मंदिर, बेलदरान आदि इलाकों समेत नगर के सभी वार्डों में सफाई कर्मचारी करीब 15 दिनों से ड्यूटी पर नहीं आ रहे, इसका कारण है नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों को एसआईआर के सर्वेक्षण में लगाया गया है। सड़कों व नालियों की सफाई न होने के कारण नगर के कई इलाकों में जलभराव व गंदगी की समस्या से नगरवासी काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। गंज बाजार के व्यापारी तुमन गुप्ता, नितीश गुप्ता, दिलशाद, फारूख आदि का कहना था कि बाजार में जलभराव की समस्या के बारे में कई बार नगर पालिका को अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। व्यापारियों ने इस समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में तीन दिन से चल रहे धरने को पुलिस ने जबरन कराया खत्म

■ स्मार्ट मीटर कहीं बन न जाए आम जनता की बर्बादी के काउंटडाउन मीटर

■ जनता के लिए लड़ रहे बीकेयू के कार्यकर्ताओं के शांतिभंग में किए चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/मुजफ्फरनगर।** उपभोक्ताओं के परिसर पर जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में मुजफ्फरनगर में भारी बवाल होता दिखाई दे रहा है। यहां पर उपभोक्ताओं के परिसर पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने के अपने अभियान को आगे बढ़ाने के लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के ठेकेदार ने राणा चौक के पास स्मार्ट मीटर का एक स्टॉक गोदाम में रखा हुआ था जिसका विरोध करते हुए भारतीय किसान यूनियन मजदूर सर्व समाज के



जिला अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम खान अपनी टीम के साथ गोदाम के गेट पर धरना दे रहे थे जिसे थाना खालापार पुलिस ने जबरन खत्म कराया और धरना दे रहे लोगों को बलपूर्वक वहां से उठाया। साथ ही नदीम खान सहित अन्य का चालान भी शांतिभंग में कर दिया जिसके बाद नदीम ने कहा कि यह स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि जनता की बर्बादी का काउंटडाउन मीटर है। उन्होंने कहा यह अदानी का शहर नहीं है यह मुजफ्फरनगर है। यहां पर आम जनता के साथ यह स्कैम होने नहीं देंगे। उन्होंने दावा किया कि स्मार्ट मीटर जो लोगों के घरों पर लगाए जा रहे हैं यह नियम के विरूद्ध हैं। सुप्रीम कोर्ट इसकी इजाजत नहीं देता है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की देशभर से शिकायतें आ रही हैं जहां-जहां भी स्मार्ट मीटर लग रहे हैं वहां पर बिजली के बिल आसमान छू रहे हैं। नदीम खान ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों ने खालापार पुलिस से सेटिंग करके यह काम किया है उन्हें जबरन धरने से उठाया गया है।

उन्होंने खालापार थाना अध्यक्ष पर बड़े आरोप लगाते हुए कहा कि वह बिजली विभाग के अधिकारी और ठेकेदार से मिले हुए हैं। उन्होंने धरना खत्म करने के नाम पर सेटिंग की है और मोटा पैसा लिया है। क्योंकि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद करोड़ों रुपए ठेकेदार को मिलेंगे और वह मंशा धरने की वजह से अधूरी हो रही थी लेकिन पुलिस ने जबरन बलपूर्वक और हिटलरशाही दिखाकर कार्यकर्ताओं के साथ गाली गलौज करके यह बता दिया कि वह न्याय का साथ छोड़कर अन्याय का साथ दे रहे हैं नदीम खान का कहना है कि वह रुकने वाले नहीं है अब वह गली-गली अभियान चलाएंगे और गली-गली घूम कर लोगों को बताएंगे कि स्मार्ट मीटर उनकी बर्बादी का असली काउंटडाउन है। अगर कहीं कोई बिजली विभाग का कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाता हुआ मिले तो उसे बिल्कुल भी स्मार्ट मीटर ना लगाने दें। अगर अब नहीं जागे तो बिजली विभाग का यह प्राइवेट मीटर जनता को बर्बाद कर देंगे। उन्होंने कहा कि पल भर में ही नोएडा में बैठे लोग आपके पोस्टपेड मीटर को एक कंप्यूटर की क्लिक पर प्रीपेड बना देंगे जब वह एक क्लिक से यह सब कर सकते हैं तो फिर आपकी यूनिट को क्यों नहीं बढ़ा सकते। उत्तर प्रदेश में पहले से ही सबसे महंगी बिजली है ऊपर से यह स्मार्ट मीटर लोगों की बर्बादी का बड़ा कारण बन सकता है इसीलिए अब जनता को जागरूक होना होगा और स्मार्ट मीटर के खिलाफ घर-घर आंदोलन खड़ा करना होगा।

# मानवता का सूर्य उदित करता है धर्म: प्रतीक सागर महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सोमवार से शुरू होने वाली ऋषभदेव महाकथा के पूर्व एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के राजकीय अतिथि क्रांतिवीर मुनि श्री 108 प्रतीक सागर महाराज मुखारविंद कथा का आयोजन 8 दिसंबर तक किया जायेगा। रविवार को आदर्शनगर स्थित सौरभ सागर संत निकेतन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि कथा का आयोजन 1 दिसंबर से लेकर 8 दिसंबर तक किया जायेगा, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के राजकीय अतिथि क्रांतिवीर मुनि श्री 108 प्रतीक सागर महाराज के द्वारा कथा को मुखारविंद किय जायेगा। इस दौरान पंकज जैन, ऋषभ जैन, सौरभ जैन, संचित जैन, सागर जैन, अमन जैन सहित जैन समाज के युवा और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शोभित में राष्ट्रीय साइबर दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में राष्ट्रीय साइबर दिवस के अवसर पर साइबर हाइजीन विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक ले. डॉ. कुलदीप कुमार थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत सम्मानित अतिथियों रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज, डायरेक्टर एप्लाइड एंड साइंस डॉ. आर.के. जैन, प्रोफेसर विजय माहेश्वरी और प्रो. मोहित किशोर भटनागर के स्वागत से हुई। कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर विजय माहेश्वरी ने साइबर हाइजीन पर विस्तार से बोलते हुए साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचने का प्रमुख माध्यम है। डायरेक्टर डॉ. आर.के. जैन ने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी हमें साइबर अपराधियों के जाल में फंसा सकती है। उन्होंने डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी के मामलों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। कानून विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋषि यादव ने साइबर हाइजीन और सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी क्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहित किशोर ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी में फंसने



पर क्या कदम उठाए जाने चाहिए और इससे बचने के उपाय क्या हैं। संचालक ले. डॉ. कुलदीप कुमार ने कहा कि किसी अनजान नंबर से आए लिंक को कभी भी न खोलें और न ही अनजान प्रोफाइल की सोशल मीडिया रिक्वेस्ट स्वीकार करें। रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज ने पासवर्ड समय-समय पर बदलने पर बल दिया। एनसीसी कैडेट्स ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंडर ऑफिसर तनिशा सिरोही ने कंप्यूटर और मोबाइल को सुरक्षित रखने के तरीकों की जानकारी साझा की। कैडेट अनन्या शर्मा ने कहा कि मोबाइल में कई तरह की सेटिंग्स होती हैं जिनसे साइबर हाइजीन अपनाकर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। कैडेट भूपेश, अभिषेक, अभिका यादव और दिनबंधु ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में कार्यक्रम के संयोजक ले. डॉ. कुलदीप कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और कैडेट्स का आभार व्यक्त किया।

# लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. संजय जैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित पंचवटी कालोनी आभा मानव मंदिर में एकल कवि उद्घोष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. संजय जैन सीए को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मैं एससी गोविन्द, विजय भोला, साहित्यकर एवं अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल, डॉ. राजीव राज, पूर्व संपादक सूर्येकांत द्विवेदी और नीरज कांत राही आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2003 व्यक्तिगत का सहअंकपत्र, जिसका अनुक्रमांक 2235337646 है। वास्तव में कहीं खो गया है। -मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद खलील निवासी रसूलपुर धौलड़ी, तहसील व जिला मेरठ।

# सुंदरदीप कॉलेज में एथिक्स और एटीकेट्स विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज में कैंपस से कॉरपोरेट: स्किल्स, एथिक्स और एटीकेट्स इन द प्रोफेशनल वर्ल्ड विषय पर एक प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक गेस्ट लेक्चर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉरपोरेट जगत की पेशेवर आवश्यकताओं, कार्यस्थल की अपेक्षाओं तथा करियर उन्नति के लिए आवश्यक कौशलों से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम की मुख्य संसाधन व्यक्ति बरखा भाटिया, मैनेजर, India MART Inter MESH Ltd-, नोएडा (उ. प्र.) रहीं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट सफलता के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता, शिष्टाचार, प्रभावी संचार और सकारात्मक व्यवहार आवश्यक हैं। उन्होंने समय पालन, उपयुक्त परिधान, विनम्र संवाद, सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज और सहयोगी भावना जैसे गुणों पर विशेष जोर दिया। साथ ही, टीमवर्क, समस्या समाधान कौशल, अनुकूलन क्षमता और सतत सीखने की प्रवृत्ति को आज के प्रतिस्पर्धी वातावरण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।उनका सत्र विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक और व्यावहारिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।



यह गेस्ट लेक्चर संस्थान के माननीय नेतृत्व के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महेन्द्र अग्रवाल, चेयरमैन एवं चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए अपनी प्रेरणादायक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर अखिल अग्रवाल, वाइस चेयरमैन, एसडीजीआई ग्रुप, ने छात्रों को उद्योग-उन्मुख ज्ञान देने की पहल की सराहना की।

वहीं नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ने अकादमिक उत्कृष्टता एवं कौशल विकास पर जोर दिया। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ने छात्रों को भविष्य के कॉरपोरेट वातावरण के लिए तैयार करने पर बल दिया। इस सफल आयोजन पर पीयूष श्रीवास्तव, प्रो-चांसलर ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी। इस कार्यक्रम को प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार, वाइस चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

डॉ. ए. शनमुगनाथन, डीन एकेडमिक्स, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ने छात्रों को प्रोफेशनल स्किल्स से सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की।

डॉ. राजीव रतन, रजिस्ट्रार, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, ने भी ऐसे कार्यक्रमों को छात्रों के करियर के लिए बेहद आवश्यक बताया। कार्यक्रम एडमिन ब्लॉक स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## वैशाली में किया गया एसआईआर के तहत कैंप का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वार्ड 72 कौशांबी वैशाली में पार्षद कुसुम मनोज गोयल के सहयोग से सेक्टर एक मॉडर्न स्कूल कौशांबी सेंट टेरेसा स्कूल एवं अन्य सेंट्रो पर बीएलओ द्वारा एस आई आर के तहत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने फार्म जमा कराए। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं की मदद की गई। जिसमें प्रमुख रूप से शिव शंकर उपाध्याय विनोद कुमार गौरव गर्ग नरेंद्र वर्मा प्रहलाद सिंह कामिनी भदोरिया पूजा मेहरा रेनू मल्होत्रा विमल भट्ट विमला चौधरी उपस्थित रहे।

### दबंगों ने सरकारी चकरोड को काटकर मिलाया खेत में

## किसान के विरोध करने पर दबंगों ने दी गोली मारने की धमकी

**दबंगों ने गुंडागर्दी दिखाते कहा कि हम मुठ मर्दी से तथा जबरदस्ती से इस बाउंड्री वालों को नहीं होने देंगे, यह मेरा कोई नया काम नहीं है, अगर तुम नहीं मानें तो में गोली भी मार सकता हूं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोहम्मदपुर पुर कदीम के किसान विजयपाल की भूमि खसरा नंबर 194 स्थित ग्राम मोहम्मदपुर कट्टीम में, दिनांक 26-11-25 सुबह लगभग 10:30 बजे विजयपाल व उनका भाई अपने खेत पर फसल की सुरक्षा के लिए।

बाउंड्री दीवार करने के लिए गए थे। तथा निशान देही करने लगे। तभी गांव के मुकेश उर्फ मुरली पुत्र राजेश्वर तथा उसके साथ चार-पांच अज्ञात व्यक्ति उसके साथ आए, और मुकेश उर्फ मुरली ने कहा कि हम चार दिवारी नहीं होने देंगे।

किसान ने कहा कि क्यों नहीं होने दोगे। तो उसने कहा कि मेरी जमीन कम है। प्रार्थी ने कहा कि मेरा सेक्टर अलग है। और तुम्हारा सेक्टर अलग है। तुम्हारा मेरे से कोई संबंध नहीं है। और ना ही तुमने मुझे पार्टी बनाया है।

यह चकरोड विजयपाल के चक से होते हुए आगे किसानों के खेत के लिए जाती है। जो मुरली उर्फ मुकेश ने रबड़ मशीन से कटवा दी गई है। और उसको काटकर अपने चक में मिल लिया गया है। जबकि विजयपाल की ट्यूवेल व बिजली का पोल लगभग 20 वर्षो से लगा हुआ है। और इनके खेत के बीच में एक चकरोड है। जो आगे किसानों तक जाती है।

दबंगों ने गुंडागर्दी दिखाते कहा कि हम मुठ मर्दी से तथा जबरदस्ती से इस बाउंड्री वालों को नहीं होने देंगे। यह मेरा कोई नया काम नहीं है। अगर तुम नहीं मानें तो में गोली भी मार सकता हूं। जानकारी के अनुसार इसके साथियों पर 307 धारा का मुकदमा। पहले से ही दर्ज है। जिसका मुकदमा संख्या 0238/25 है।

यह थाना भोजपुर जिला गाजियाबाद में दर्ज है। किसान ने अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए। मुकेश उर्फ मुरली व उसके साथियों को पाबंद करने की मांग की है। जिससे दीवार बनाने में हो रही बाधा उत्पन्न ना हो। साथ ही किसान ने जान माल का खतरा बताते हुए। पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए। मुकेश उर्फ मुरली व उसके साथियों पर उचित कार्यवाही की मांग की है।

## छाया पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया अपना 37वं वार्षिक उत्सव समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विकसित भारत नाम से विद्यालय का 37 वां वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. मंजू शिवाच अध्यक्ष विनोद वैशाली व प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों द्वारा विकसित भारत पर जोरदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी दर्शकों की प्रशंसा बटोरी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया विद्यालय के प्रबंध निदेशक अधिराज द्विवेदी निर्देशिका शिक्षण अंबिका गौड डॉक्टर राजूल द्विवेदी चेयरपर्सन कुसुम द्विवेदी व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## डा. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉक्टर के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा ने अपने प्रथम वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल विजेता उड़ीसा की प्रीति स्मिता भोई, स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा, के.एन. मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी श्री मेघराज शर्मा जी, प्रिटी पेंग्विंस शाखा की हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा, टेक्सटाइल शाखा की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ध्वजारोहण और मशाल प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ। छात्रों ने मार्च पास्ट में कदम से कदम मिलाकर मुख्य अतिथि को सलामी दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, रिले रेस, और किंडरगार्डन बच्चों के लिए भी अनेक रेसिपी के साथ-साथ मजेदार दौड़ जैसे' नींबू और चम्मच दौड़' और 'थ्री-लेग्ड रेस' शामिल थे। प्रतिभागियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट खेल कौशल और जोरदार प्रदर्शन किया, साथ ही साथ विद्यालय के छात्रों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्यों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां भी दीं जिससे पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि, प्रीति स्मिता भोई ने अपने भाषण में खेल के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा द्वारा नेशनल लोकप्रिय हॉस्पिटल मालीवाडा गजप्रस्थ पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शि. विर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में हृदय रोग जनरल फिजिशियन आहार रोग बीपी शुगर पीएफटी बीएमडी एवं नेत्र जांच का निशुल्क शिविर का आयोजन हुआ। हजारों स्थानीय निवासियों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया तथा स्थानीय जनता ने मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा एवं नेशनल लोकप्रिय हॉस्पिटल द्वारा एक ही छत के नीचे सारी जांच करने के लिए धन्यवाद दिया।

डॉक्टर अविनाश शर्मा डॉक्टर सतीश कुमार डॉक्टर राजीव अग्रवाल डॉक्टर हर्ष कुमार डॉक्टर फैजल करीम डॉ सानिया फातिमा त्रिलोक पूनम कर्मवीर प्रवीण कुमार जितेंद्र यादव आदित्यराज पवार आदि के सहयोग से सफल आयोजन हुआ। कैम्प का उद्घाटन समा. जसेवी व्यापारी नेता पंडित अशोक भारतीय व पार्षद राजेन्द्र तितौरिया ने डॉ. अविनाश शर्मा के साथ मिलकर किया।

कैम्प मे मुख्य अतिथि संदीप त्यागी रसम रहे। संदीप त्यागी रसम ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच के आयोजन के लिए बधाई दी व गाजियाबाद नाम परिवर्तन के लिए समर्थन मांगा तथा कैम्प में आशीष भटनागर नरेन्द्र गुप्ता नन्दी राम केशवानी मनोज कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया नेशनल हास्पिटल के डा अविनाश शर्मा ने मैट्रो अस्पताल नोएडा के सभी डाक्टर व आगंत. ुकगण का आभार व्यक्त किया।

## कविनगर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ए ब्लॉक कवि नगर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 60 पुरुष, महिला बालक एवं बालिकाओं ने अपने-अपने आयु वर्ग में हिस्सा लिया। विजेताओं में युवराज, अरनव, प्रियंका, देवांश, आशुतोष पैशना, रीवान, रूहतंकीका तथा द्वितीय स्थान पर अरनव, अभिषेक, शलज, स्वाति, आशुतोष, माधव, शौर्य, आराध्या, अभिनव और वेदिका रहे। अमित चौधरी (सचिव) व ललित जायसवाल के द्वारा सभी को ट्राफी व नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। चीफ रेफरी सौरव गुप्ता व एमपायर प्रियांशु चौधरी को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विशेष सहयोग शलज ओर सुमित का रहा।

## सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एनसीआर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी, सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल ने स्थापना दिवस मनाया। 'सद्भाव - हमारे बंधनों की मजबूती' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में एकता, सद्भाव और साझा मानवता के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया, जो संस्थान की नींव हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, पद्मश्री अंजू बॉबी जॉर्ज, पूर्व भारतीय एथलीट, ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार एवं खेल रत्न पुरस्कार विजेता, उपस्थित थीं। उनकी उपस्थिति ने छात्रों को गहराई से प्रेरित किया और उन्हें अनुशासन और दृढ़ता के साथ उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।




समारोह की शुरुआत स्कूल गीत के साथ हुई, जिसके बाद दिव्य आशीर्वाद के लिए दीप प्रज्वलन किया गया। अध्यक्ष शि. शिर जैपुरिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्कूल की 21 वर्षों की यात्रा और करुणामय, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार शिक्षार्थियों के पोषण हेतु उसकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ष्हमारा शैक्षिक दर्शन नए युग की शिक्षा के तीन स्तंभों पर आधारित है: प्रासंगि. कता, कर्मठता और चिंतन। हम शिक्षार्थियों में नेतृत्व और भविष्य की तैयारी के पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हैं।ष निद. ेशक धवानी जैपुरिया ने भी दर्शकों को संबोधित किया, उन्होंने शिक्षार्थी- केंद्रित शिक्षा पर स्कूल के फोकस पर जोर दिया, जिसमें प्रत्येक बच्चे की क्षमता की पहचान की जाती है और उसका पोषण किया जाता है। निदेशक-प्रधानाचार्य शालिनी नांबियार ने वार्षिक स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, बुनियादी ढाँचे के उन्नयन और वर्ष भर शुरू की गई नई पहलों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि अंजू बॉबी जॉर्ज ने एक प्रेरक संदेश दिया।

कार्यक्रम का समापन चेतना सहगल, उप-प्रधानाचार्य (वरिष्ठ विद्यालय) द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। दैनिक जागरण स्कूल रैंकिंग 2025 द्वारा शिक्षा में नवाचार के लिए स्कूल को गाजियाबाद में नंबर 1 के रूप में भी मान्यता दी गई है, ई-वेस्ट हीरो पुरस्कार प्राप्त किया है, और सीफोर स्कूल रैंकिंग 2024 द्वारा गाजियाबाद में नंबर 1 स्थान प्राप्त किया है।

अतिरिक्त सम्मानों में प्रौद्योगिकी एकीकरण, एआई तत्परता और पढ़ने में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार शामिल हैं। अपने बढ़ते पुरस्कारों के साथ, स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भविष्य-केंद्रित शिक्षा में अग्रणी बना हुआ है।

### एक नजर

## पुलिस से मिलकर दबंगों ने गरीब के घर पर किया कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** घंटाघर कोतवाली इलाके में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जहां पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ही पुलिस सरकार को बदनाम करने पर तुली हुई है। जी हां यह हम नहीं कह रहे घंटाघर कोतवाली इलाके में पड़ने वाले सराय नजर अली में शाकिर हसन ने यह आरोप लगाते हुए बताया है कि कोर्ट के आदेश के बाद भी पुलिस ने उसकी कोई मदद नहीं की और उसके 80 साल पुराने घर पर दबंग से मिलकर कब्जा करवा दिया वही पीड़ित ने बताया कि अलीमुद्दीन और अफसार व फैजल ने पीड़ित के शौचालय को तोड़ कर गिरा दिया और उसके प्लॉट की तरफ दरवाजा खोल लिया शाकिर काफी दुखी है अब वह अपनी गुहार जल्द ही मुख्य मंत्री को लखनऊ जा कर लगायेगा और दबंगों के खिलाफ शख्त कार्यवाही करवाएगा।

### सरदार पटेल जी की 150वीं जयंती पर

## भाजपा नेता विनीत त्यागी ने किया एकता यात्रा का नेतृत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत - सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित "एकता यात्रा" का सफल आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व गाजियाबाद के भाजपा नेता एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी विनीत त्यागी ने किया। इस एकता यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 306 प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवाओं का यह देशभक्ति से ओतप्रोत कारवां राजस्थान के जयपुर से प्रारंभ होकर अजमेर, पुष्कर, जोधपुर, सिरोही, पालनपुर, अहमदाबाद और वडोदरा से होता हुआ आगे बढ़ा।

यात्रा का भव्य समापन एकता नगर(केवडिया) स्थित विश्व प्रसिद्ध 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर हुआ, जहाँ राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नगर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं प्रतिभागियों ने लौह पुरुष सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान को नमन किया। इस अवसर पर युवा नेतृत्व, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता और अखंड भारत की भावना का संदेश पूरे मार्ग में प्रसारित किया गया।विनीत त्यागी ने कहा कि "यह यात्रा केवल मार्ग का सफर नहीं, बल्कि युवाओं को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की शक्ति और सरदार पटेल की एकता की विरासत से जोड़ने का अभियान है।" यात्रा में शामिल युवाओं ने देश की एकता, अखंडता और विकास के प्रति अपने संकल्प को दोहराया तथा राष्ट्रीय एकात्मता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## शूटिंग बॉल लीग का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन एस शूटिंग बॉल लीग का आयोजन डी जी. आर.सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतला, मोदीनगर के खेल मैदान पर किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि चौधरी रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल रहे अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने की। इस अवसर पर एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर, योगेंद्र पतला महासचिव पश्चिम प्रदेश लोकदल, डीजीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चौयरमैन गुलवीर सिंह, प्रधानाचार्य सोनल चौधरी, अतुल तोमर, मोनू कुमार उपस्थित रहे। डीजीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पतला ने जेडीएस अकादमी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जेडीएस द्वितीय स्थान पर रही और एल.आर. सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## कौशांबी में एसआईआर फार्म भरवाकर जमा कराए गए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता वरुण शर्मा ने बताया कि कामदगिरि टॉवर कौशांबी में BLO के साथ मिल कर SIR के फॉर्मस् भरवाए और जमा करवाये गए मौके पर निरीक्षण के लिए AERO अमित तोमर भी आये और BLO सक्षम सिंह और कौशांबी वासियों की मेहनत और जज्बे को सराहा। इस काम में अशोक परवाल, नकुल कुमार और संदीप गुप्ता सहित RWA से महत्वपूर्ण सहयोग मिला साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी अपना फार्म (अगर नही जमा हुआ हैं तो) अवश्य आज ही जमा करवाये।

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में दे योगदान: अहमद हामिद

## सिलाई कढ़ाई केंद्र के प्रशिक्षण समापन पर पशिक्षुओं को किए प्रमाण पत्र वितरित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जनपद के गांव गौसपुर में नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई एवं पार्लर केंद्र का बड़े ही धूमधाम से समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नबाब अहमद हमीद ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुर्तजा प्रधान व संचालन टीना चौधरी ने किया।

कार्यक्रम के समापन पर 35 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और पुरस्कत कर सम्मानित किया गया। केंद्र पर सुमैया, उम्मति और मुस्कान ने प्रथम, नगमा और सीमा ने द्वितीय और सीमा व सानिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नवाब अहमद हमीद ने कहा कि सिलाई सीखकर बालिका एवं महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी और केंद्र पर आकर अनुशासन में रहकर जो सीखा है उसके द्वारा बालिकाओं को भविष्य में सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों और प्रशिक्षू बेटियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुर्तजा प्रधान ने कहा कि बेटियां घर की शान होती है बेटियां सिलाई सीखकर अपना रोजगार कर सकती हैं और भविष्य में दूसरों को सीखा भी सकती हैं, सिलाई का क्षेत्र आज ईतना बड़ा हो चुका है जिसे सीखकर बड़े से बड़ा डिजाइनर बन सकती हैं। ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट रणवीर चौधरी ने बालिकाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है। आज लड़कियां आगे बढ़कर सभी क्षेत्र में अपना और देश का नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम की संचालिका टीना चौधरी ने भी प्रशिक्षुओं को बधाई व शुभकामनाएं दी और सभी बालिकाओं और महिलाओं को अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी और सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अजेंद्र बली, प्रदीप धामा, यूनुस खान यूसुफ खान, रहीसुदीन, उस्मान, रिजवान, इल्जास, वसीम, खुशनसीब, शबाना, नजराना, समरीन, शहरीन, शायमा, काजल, जायदा, टीना चौधरी, इति चौधरी, सानिया, सायमा, सबा, मनतशा, साजिया, मुस्कान, अनुष्का, मुस्कुराना, गुलफ्सा, नजराना, इकरा और सीमा आदि उपस्थित रहें।

## ग्रामीणों ने कि अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के शाहपुर बडौली गांव में ग्राम सचिवालय के सामने सड़क पर दबंग लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने तहसील परिसर में शनिवार को दर्ज कराई दबंगों द्वारा अतिक्रमण करके निर्माण कार्य भी सड़क पर किया जा रहा है। जब सचिवालय के सामने ही सरकारी रास्ता सुरक्षित नहीं वहां पर भी सड़क कब्जा दी गई तो आम रास्ते कैसे सुरक्षित माने जाएंगे। ग्राम वासियों ने अतिक्रमण से मुक्ति दिलाए जाने की मांग एसडीएम से की है।

गांव के लोगों का कहना है कि दबंग लोग सड़क पर कब्जा करके वहां पर अपने मकान बना रहे हैं। पूरी सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है। आम रास्ता भी सुरक्षित नहीं है। लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने कहा कि अगर जल्दी अतिक्रमण से मुक्ति नहीं दिलाई गई तो तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा। शिकायत करने वालों में रामकुमार चौधरी धर्मपाल सिंह राकेश धर्मपाल सुरेश जयवीर उमेश रामपाल सतवीर आदि मौजूद रहे।

## बाईक बचाने के प्रयास में पलटा टैम्पो, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बंथला रटौल मार्ग पर धोली प्याऊ के समीप बाईक बचाने के प्रयास में एक डीजें का टेम्पो पलट गया जिसमे तीन लोग घायल हो गये जिन्हें नीजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

खैला निवासी दीपक पुत्र सतीश और सोबी कुमार लोनी की और से डीजें टेम्पो मे लेकर आ रहे थे वही सरफाबाद निवासी रशीद पुत्र भूरा बाईक से लोनी जा रहा था रटौल बंथला मार्ग पर जब वह धोली प्याऊ पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो बाईक को बचाने के प्रयास में डीजें से लधा टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमे टेम्पो और बाईक सवार तीनो को चोटे आयी है राहग. ीरों ने देखा तो घायलों को नीजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया है। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने टेम्पो को जेशीबी मशीन की साहयता से सीधा करा मार्ग शुरू कराया।

## प्रत्येक आत्मा ही स्वयं परमात्मा है: सौरभसागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में महामुनिराज ने श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में अतिथि भवन में आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि विश्व से समस्त दर्शनों में जैन दर्शन ही ऐसा दर्शन है जो यह कहता है कि प्रत्येक आत्मा ही स्वयं परमात्मा है। ऋषभदेव से लेकर महावीर पर्यंत तक सभी तीर्थंकरो के पांच कल्याणक हुए हैं। अत: जिनमूर्तियों की प्रतिष्ठा के लिए पांचों ही कल्याणक होते हैं।

आचार्य ने कहा कि पंच कल्याणक की सभी क्रियाएं आदिनाथ भगवान की होती हैं, इसका कारण यह है कि अन्य तीर्थंकरों की सभी क्रियाएं हमें विस्तृत रूप से ज्ञात नहीं हैं। आदिनाथ भगवान की पुत्री ब्राह्मी और सुंदरी के द्वारा हमे असी,मसी और कृषि का ज्ञान कराया गया है। गर्भ कल्याणक के माध्यम से राजा नाभिराय और मातृदेवी के यहां आदि कुमार के गर्भ की क्रियाएं, जन्म कल्याणक में भगवान का जन्म और सौधर्म इंद्र द्वारा 1008 कलशों से अभिषेक, तप कल्याणक में मृत्यु का बोध, केवल ज्ञान कल्याणक में मोह रूपी अंधकार को नष्ट करके दिव्यध्वनि, मोक्ष कल्याणक के रूप में कैलाश पर्वत पर आरूढ़ होकर चार घातीया कर्मों का नाश करके मोक्ष स्थान को प्राप्त करना। इस प्रकार से पंचकल्याणक की क्रियाएं संपन्न होती है। सभा का संचालन अमित जैन द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि शाम को 5 बजे समाज द्वारा पंचकल्याणक के पात्र राजीव जैन, अनुज जैन, विभोर जैन भारती, अभिषेक जैन, संजय जैन का तिलक लगाकर सम्मान किया गया और मंगलाचार के अंतर्गत पूरी समाज से भक्ति के द्वारा खुशी मनाई। सभा में पंकज जैन, अजय जैन काले, प्रवीण जैन, पवन जैन, राजकुमार जैन, सुखमाल जैन, राकेश जैन, प्रभात जैन, सौरभ जैन, कमल जैन, अमित जैन, अंकुर जैन आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर

## 310 ग्राम अवैध चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला पुलिस ने एक चरस तस्कर को 310 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की बाजार कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान हुई।

पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देशन में रमाला पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से 310 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रमाला निवासी सुधीर के रूप में हुई है। पुलिस ने सुधीर को गिरफ्तार कर अवैध चरस जब्त कर ली है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस तस्करी में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं, ताकि उन पर भी कार्रवाई की जा सके। बागपत की एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि चेकिंग अभियान के तहत एक चरस तस्कर को पकड़ा गया है। उन्होंने पुष्टि की कि इस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## SIR अभियान: जिलाधिकारी ने बागपत व पिलाना ब्लॉक की समीक्षा कर दिए तेजी लाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण SIR अभियान को तेज करने के लिए जिलाधिक. ारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने आज विधानसभा बागपत-52 अंतर्गत बागपत और पिलाना ब्लॉकों की समीक्षा की। उन्होंने पिलाना ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत सहायकों और BLO के साथ बैठक कर प्रपत्र वितरण व अपलोडिंग में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

पिछले कुछ दिनों में कई गांवों में फॉर्म अपलोडिंग की रफ्तार अपेक्षा से कम मिलने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया और कहा कि BLO अकेले नहीं बल्कि पूरे पंचायत स्तरीय तंत्र को मिलकर अभियान में तेजी लानी होगी। गणना प्रपत्र जितनी तेजी से अपलोड होंगे, मतदाता सूची उतनी ही शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी। जिला. धिकारी ने पंचायत सहायकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साफ निर्देश दिया कि वे BLO के कार्य में सक्रिय सहयोग करें। जिलाधिकारी ने चेताया कि जहां भी लापरवाही मिली, वहां जिम्मेदारी तय की जाएगी। कई बार यह देखा गया है कि लोग आखिरी समय तक अपेक्षित कार्य नहीं करते, जिसके कारण अधिकारियों पर अचानक दबाव बढ़ जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव स्तर पर लगातार घोषणा और व्यक्तिगत संपर्क से लोगों को जागरूक किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि एक भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए। अंत में डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि SIR आने वाले वर्षों की चुनावी पारदर्शिता की नींव है। भविष्य की पीढ़ियाँ 2025 की मतदाता सूची में अपने नाम तलाशेंगी। हमारी ज़िम्मेदारी है कि उन्हें एक त्रुटिरहित रिकॉर्ड मिले। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, एसडीएम खेकड़ा निकेत वर्मा ,परियोजना निदेशक राहुल वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सेवानिवृत सीडीओ नीरज श्रीवास्तव को दी सम्मानपूर्वक विदाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकास भवन सभागार में रविवार को मुख्य विकास अधिक. ारी नीरज कुमार श्रीवास्तव के 24 माह 23 दिन के कार्यकाल पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, विकास भवन एवं कलेक्ट्रेट के कार्मिकों ने भाग लेकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान माहौल भावुक रहा। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जिले में सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव के कार्यकाल में पारदर्शी प्रशासन, टीमवर्क और जिम्मेदाराना कार्यसंस्कृति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अपने संबोधन में सीडीओ ने शीर्ष अधिकारियों से लेकर जमीनी स्तर तक हर कर्मचारी को धन्यवाद दिया। उन्होंने ड्राइवर, अर्दली, गनर, तकनीकी सहायकों सहित उन सभी कर्मचारियों का उल्लेख किया जो प्रतिदिन उनके साथ समन्वय में कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि कार्यकाल की उपलब्धियां व्यक्तिगत नहीं होतीं, यह पूरी टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम होती हैं। कार्यक्रम में सीडीओ शामली विनय तिवारी, एडीएम वित्त/राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, सभी एसडीएम, बीडीओ और जिला स्तरीय अधिक. ारी मौजूद रहे। अंत में सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और सक्रिय जीवन की कामना की।

## ढिकोली में दंगल का आयोजन ग्रामीणों ने उठाया लुफ्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव मे हर माह आयोजित दगंल का आयोजन किया गया जिसमें क्षैंत्र के सैकड़ों लोगो ने दंगल का लुफ्त उठाया और पहलवानों को आशीर्वाद दिया।

ढिकोली गांव मे हर माह एक दंगल का आयोजन किया जाता है जिससे क्षैंत्र में पहलावनी का जज्बा बना रहे और कुश्ती लोगो का मनोरंजन के साथ साथ देश के लिए पहलवान तैयार किया जा सके दंगल में उज्जवल पहलवान ढिकोली और काला पहलवान के बीच कुश्ती हुई जो बराबरी पर छुटी। उसके बाद रोबिन ढिकोली और शमशाद बागपत के बीच कुश्ती हुई जिसमे रोबिन विजेता रहा उसके बाद 5100 रूपये की कुश्ती रिहान लोनी और काले सैदपुर के बीच हुई जिसमे काले विजेता रहा उसके बाद घोड़ा पहलवान भैडापुर और सार्थक पहलवान बागपत के बीच कुश्ती हुई जो बराबरी पर छुटी कुश्ती में खलीफा की भूमिका बिटटू पहलवान ने निभाई। इस मौकें पर नरेश, मोनू पहलवान, रितेश, रवि, राजमल ने सहयोग किया।



# ड्यूटी से लौट रहे बीएलओ की हादसे में मौत

## गुनियापुर-भनेड़ा के बीच हुआ हादसा, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर/किरतपुर।** किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भरैकी से एसआईआर के फार्म लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय गुनियापुर जमा करने जा रहे बीएलओ की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। नगीना विधायक मनोज पारस ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर कर घटना की जानकारी ली और परिजनों को सांत्वना दी।

किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भरैकी निवासी राजवीर सिंह (52 वर्ष) पुत्र दलीप सिंह गांव नसरुल्लापुर उर्फ छोटा पेमार में शिक्षामित्र के रूप में तैनात थे। उनकी ड्यूटी एसआईआर में बीएलओ के कार्य में लगी थी। शनिवार रात करीब आठ बजे बीएलओ राजवीर सिंह एसआईआर के फार्म लेकर ग्राम पंचायत गुनियापुर जमा करने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह गांव अमाननगर के समीप पहुंचे, अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने गंभीर हालत में उन्हें तत्काल नजीबाबाद स्थित अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान राजवीर सिंह की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

राजवीर दो बेटियों व एक बेटे के पिता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। रविवार को नगीना विधायक मनोज पारस ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को सांत्वना दी।

सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## युवक गंभीर रूप से घायल

**कोतवाली देहात।** ओवर ब्रिज पर खड़ी मशीन से टकराकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत ने हायर सेंटर रैफर किया गया है। थाना कोतवाली शहर के ग्राम दोदूवाला निवासी नकुल कुमार नगीना की ओर से बिजनौर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह ओम इंटरनेशनल स्कूल से आगे ग्राम महेश्वरी जट में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास पहुंचा वह सर्विस रोड पर न जाकर ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक ले गया। ओवर ब्रिज अभी चालू नहीं है। ओवर ब्रिज पर निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते बैरियर के स्थान पर मशीन खड़ी कर दी गई थी। नकुल ने बाइक ओवर ब्रिज पर चढ़ा दी और मशीन से टकराकर वह गिर गया। नकुल गंभीर रूप से घायल हो गया। निकट ही स्थित महेश्वरी जट पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी तुरंत पहुंचे तथा घायल को हायर सेंटर भेजा। नकुल की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार किशोर की मौत

### बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जैतरा मार्ग पर रविवार देर शाम हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक किशोर की जान चली गई, जबकि उसके बड़ा भाई गंभीर है। तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों के चलते आए दिन हो रहे हादसों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम अब तक नजर नहीं आते।

जानकारी के अनुसार गांव सुहागपुर निवासी 18 वर्षीय अबुजर अपने छोटे भाई अब्दुल्ला के साथ किसी कार्य से जैतरा गया हुआ था। दोनों शाम करीब साढ़े सात बजे स्कूटी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे जैतरा के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छोटा भाई अब्दुल्ला सड़क पर दूर जाकर गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं अबुजर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और घायल को तत्काल सीएचसी धामपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस चालक की तलाश में जुट गई है।

## बंद मकान से आभूषण चोरी

**किरतपुर।** मौहल्ला मुफ्तियान में बंद पड़े एक मकान से लाखों के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित आजम पुत्र यामीन ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और घटना का खुलासा कराने की मांग की है। पुलिस फिलहाल प्रकरण को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। आजम का कहना है कि वह देहरादून में रहकर कार चलाने का काम करता है और समय-समय पर अपने घर किरतपुर आता-जाता रहता है। शनिवार को उसका पुत्र घर आया तो कमरे के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सेफ का ताला भी टूटा हुआ था।

# स्योहारा ब्लॉक प्रमुख सहित चार पर मुकदमा दर्ज

## कृष्णा हॉस्पिटल में हंगामा, ब्लॉक प्रमुख ने कहा स्टाफ की लापरवाही बनी विवाद का कारण

**धामपुर।** नगर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में शनिवार देर रात एक महिला के उपचार को लेकर भारी हंगामा खड़ा हो गया। महिला के साथ आए लोगों तथा अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई और तोड़फोड़ तक पहुंच गई। घटना के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों में कड़ा रोष है। अस्पताल प्रबंधन की तहरीर पर पुलिस ने ब्लॉक प्रमुख सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त समाचार के अनुसार देर रात करीब एक बजे घायल अवस्था में एक महिला को कृष्णा हॉस्पिटल लाया गया। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि उपचार से पूर्व निर्धारित शुल्क की मांग की गई, जिस पर महिला के साथ आए लोग एक भाजपा नेता का नाम लेकर दबाव बनाते दिखे। दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ने पर विवाद ने उग्र रूप ले लिया और अस्पताल स्टाफ से मारपीट एवं गाली-गलौज की गई। इसी दौरान अस्पताल में कुछ सामान टूटने की भी जानकारी मिली है। हंगामे के दौरान स्योहारा ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता उज्जवल चौहान भी मौके पर पहुंच गए। अस्पताल स्टाफ का आरा. ेप है कि चौहान की मौजूदगी में ही स्टाफ पर हमला किया गया। प्रबंधन का दावा है कि पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, जिसकी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई जा रही है। घटना के बाद धामपुर के चिकित्सकों में नारा. जगी फैल गई। डॉ. बी.के. सिंह के प्रतिष्ठान पर डॉक्टरों ने बैठक कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### स्टाफ ने अपनी गलती छुपाने के लिए आरोप गढ़े

**धामपुर।** ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि जब उन्होंने केवल इतना पूछा कि पैसे लेने के बाद इलाज क्यों नहीं किया, तभी स्टाफ ने विवाद खड़ा कर दिया। बाद में अपनी लापरवाही छिपाने के लिए अस्पताल स्टाफ ने फर्जी आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत कर दी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले का सच जल्द सामने आएगा और फुटेज से भी स्पष्ट हो जाएगा। उज्जवल चौहान ने कहा कि वह चिकित्सकों का सम्मान करते हैं, परंतु अस्पताल स्टाफ द्वारा घायल महिला को अनदेखा कर देना अमानवीय कृत्य है। पीड़ित महिला को बाद में एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया, तब जाकर उसे राहत मिली।

### आरोप झूठे, पूरी घटना का करूंगा पर्दाफाश: उज्जवल चौहान

**धामपुर।** नगर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में शनिवार देर रात हुए विवाद को लेकर स्योहारा ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता उज्जवल चौहान ने पूरे मामले पर अपना पक्ष मजबूती से रखा है। श्री चौहान का कहना है कि यह पूरा विवाद केवल अस्पताल कर्मियों की लापरवाही और दुर्व्यवहार की वजह से हुआ। उनके खिलाफ लगाए जा रहे मारपीट व तोड़फोड़ के आरोप पूरी तरह झूठे और भ्रामक हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को उनकी बहन की शादी थी। समारोह के दौरान एक महिला का पैर फिसल गया, जिसमें महिला का कंधा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे घबराए परिजन तुरंत उपचार की उम्मीद में उसे कृष्णा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

# विद्युत वितरण कार्यालय का एमडी ने किया निरीक्षण

## 1 दिसंबर से शुरू होने वाली बिजली बिल राहत योजना पर दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने रविवार को हापुड़ स्थित विद्युत वितरण मंडल कार्यालय का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 1 दिसंबर से शुरू होने वाली बिजली बिल राहत योजना की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एमडी द्वारा मंडल के राजस्व वसूली, बिजली आपूर्ति, स्मार्ट मीटरिंग, बिजनेस प्लान, और वित्तीय वर्ष 2025-26 की बिजली बिल राहत योजना सहित कई प्रमुख योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने विशेष रूप से बिजली बिल राहत योजना पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि योजना की तैयारी, नोटिस वितरण और प्रचार-प्रसार अभियान में तेजी लाई जाए, ताकि अधिकतम उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकें। एमडी ने निर्देश दिए कि योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार शिविर, मुनादी और कैंप आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्युत सखियों के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने शिविर आयोजन से पहले सही लोकेशन चयन के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ता आसानी से अपना बिल जमा कर सकें। कार्यालय निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने वाणिज्यिक और तकनीकी विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली और तकनीकी अनुभाग में उपभोक्ताओं को दिए जा रहे एस्टीमेट अनुमानित लागत



की जांच की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं को समय से, सही और मानक अनुरूप एस्टीमेट उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में लाइन हानियों में कमी आई है, भू-रेट में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। एमडी ने सभी विभागीय मापदंडों में सुधार, शत-प्रतिशत राजस्व वसूली लक्ष्य हासिल करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने कार्यालय परिसर समेत सभी अनुभागों का जायजा लिया और कहा कि उपभोक्ता सेवाओं में गुणवत्ता और कार्य प्रणाली में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# हीरो स्पलेण्डर बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नियमित चैकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई हीरो स्पलेण्डर मोटरसाइकिल बरामद की है।



थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को बहादुरगढ़ थाना पुलिस पलवाडा बम्बे से सलारपुर जाने वाली गंगनहर की नहर पटरी पर चैकिंग कर रही थी। क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के आधार पर पुलिस टीम विशेष सतर्कता के साथ वाहन एवं व्यक्तियों की जांच कर रही थी। चैकिंग अभियान के दौरान पलवाडा बम्बे से सलारपुर की ओर नहर पटरी पर जाते हुए एक युवक को संदेह के आधार पर रोका गया। पुलिस द्वारा पूछताछ और सख्ती से जांच करने पर युवक के पास मौजूद मोटर साइकिल के दस्तावेज संतोषजनक नहीं मिले।

इसके बाद वाहन का सत्यापन किया गया, जिसमें यह मोटर साइकिल थाना क्षेत्र से पूर्व में चोरी की गई पाई गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से चोरी की हीरो स्पलेण्डर बाइक बरामद की गई। पकड़े गए वाहन चोर की पहचान हरिश्चंद पुत्र जगदीश निवासी ग्राम पलवाड़ा, थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं वाहन की बरामदगी के संबंध में थाना बहादुरगढ़ में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। बताया कि वाहन चोर के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

# संस्कृति विवि में सहयोगियों के सम्मान के साथ संपन्न हुई अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

**मथुरा।** संस्कृति विवि में श्री अरविंद के आलोक में वेदों के अनुप्रयोगों को लेकर आयोजित हुई दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सहयोगियों के आभार और सम्मान के साथ संपन्न हुई। समापन समारोह में एसवीवाईएएसए यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. रामचंद्र जी. भट, जो वेद विज्ञान शोध संस्थान के चेयरमैन भी हैं, मुख्य अतिथि थे। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में श्री अरबिंदो सोसाइटी, कर्नाटक के चेयरमैन डॉ. अजीत सबनीस, साक्षी ट्रस्ट, बेंगलुरु के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. आर. वी. जहांगीरदार, साक्षी ट्रस्ट के श्री बिंदु माधव, संस्कृति यूनिवर्सिटी, मथुरा के वाइस चांसलर डॉ. एम. बी. चेट्टी भी शामिल हुए। डॉ. रामचंद्र भट ने "वेद को कैसे समझें और वेद के सिद्धांतों को समझने और उन्हें आज की जिंदगी में लागू करने का नतीजा" पर रोशनी डाली। उन्होंने वेद ज्ञान पर श्री अरबिंदो के नजरिए के बारे में भी बताया। डॉ. एम. बी. चेट्टी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि यह कॉन्फ्रेंस वेद के हमेशा रहने वाले ज्ञान से फिर से जुड़ने और एक प्रोग्रेसिव और जागरूक समाज बनाने में इसकी जरूरत को समझने के हमारे साझा कमिटमेंट को दिखाती है। श्री अरविंद के नजरिए में, वेद सिर्फ पुराने भजनों का कलेक्शन नहीं हैकृयह इंसानी विकास, अंदर की जागृति और पूरी जिंदगी जीने का एक गहरा रोडमैप है। डॉ. आर. वी. जहाँगीरदार ने वेद के अलग-अलग पहलुओं पर सभी 17 स्पीकर्स की कार्यवाही का सारांश दिया। डॉ. सचिन गुप्ता ने युवाओं से वेद के सिद्धांतों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाने की अपील की और पेपर पेश करने वाले सभी जानकारों को धन्यवाद दिया और बताया कि इस कॉन्फ्रेंस से स्टूडेंट्स को बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि लिविंग वेद सिर्फ विद्वानों का जमावड़ा नहीं है,यह श्री अरविंद के एक जैसे और विक. ासवादी नजरिए से प्रेरित होकर वैदिक ज्ञान को आज के समय में जरूरी बनाने का एक आंदोलन है।

# आईएएस अधिकारी के बयान पर आक्रोश, ब्राह्मण समाज ने किया पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में रविवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। पिलखुवा चौराहे पर भारी संख्या में एकत्रित हुए प्रदर्शनकारियों ने संतोष वर्मा के खिलाफ नारेबाज़ी कर उनका पुतला फूंका और रोष जताया।



प्रदर्शन का नेतृत्व भगवान परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य पंडित ने किया। इस दौरान चौराहे पर भीड़ अधिक होने के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ और जाम की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि समाज की बेटियों का सम्मान सर्वोपरि है और इसे ठेस पहुंचाने वाला कोई भी बयान स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया। पुलिस की समझाइश के बाद भीड़ को हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। प्रदर्शन में भाजपा नेता विजय शर्मा, संजीव वशिष्ठ, भास्कर पंडित, राजेश, मुकेश प्रधान, तुषार शर्मा, गौरव, अंकित शर्मा, विनीत शर्मा, शौरभ शर्मा, विवेक शर्मा और संजीव पंडित समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर विहिप जिलाध्यक्ष सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला बाड़वान में पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद ने कानूनी रूप ले लिया है। अदालत के आदेश पर धामपुर पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

पीड़ित सुधीर कुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पूर्वजों की छोड़ी गई पैतृक भूमि का अभी तक अधिकारिक रूप से विभाजन नहीं हुआ है। इसी का फायदा उठाते हुए उनके रिश्ते के भाई अरुण कुमार शर्मा ने पंकज वर्मा, कशिश गौड़, आकाश वर्मा और दिव्या रानी के साथ सांठगांठ कर उनके हिस्से की जमीन को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

पीड़ित के अनुसार आरोपी पक्ष ने जानबूझकर भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से न सिर्फ उसमें छेड़छाड़ की, बल्कि आपत्ति करने पर मुकदमेबाजी की धमकियां भी दीं। सुधीर शर्मा ने पूरी घटना की शिकायत न्यायालय में की, जिसके आधार पर कोर्ट ने थाना पुलिस को कार्रवाई के आदेश जारी किए।

आदेश प्राप्त होने पर धामपुर थाने में उक्त पांचों के विरुद्ध संगीन धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना की गहन जांच की जा रही है और भूमि से जुड़े दस्तावेजों व सीमांकन से संबंधित तथ्यों की भी जाँच की जाएगी।

# असहाय की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : उपमन्यु

**मथुरा।** बद्रीनाथ धाम मंदिर पर लगे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सेकदौट नेत्र रोगियों को लाभ लिया एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने शिविर का दीप प्रज्वलकर शुभारंभ करते हुए कहा के दीन हीन असहाय की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है मथुरा के भूतेश्वर स्थित बद्रीनाथ धाम मंदिर पर एक बृहद निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से किया गया।




जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि उपमन्यु ने दीप प्रज्वलित कर की जिसके उपरांत वहां परीक्षण कराने आए नेत्र रोगियों को परामर्श देने के साथ निःशुल्क दवाएं, चश्मे तथा फल भी वित. रित किए गए तथा 10 मोतीयाबिंद के मरीजों को एंबुलेंस द्वारा ऑपरेशन के लिए श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सालय भेजा गया वहीं आज लगाए गए कैंप के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बद्री नाथ भक्त मंडल की सदस्य ऊषा सोलंकी तथा डॉक्टर्स की टीम ने बताया यह शिविर बहुत ही लाभदायक रहा इसमें सैकड़ो नेत्र रोगियों ने नेत्र चेक कराकर उपचार का लाभ लिया कार्यक्रम के अंत में श्री बद्रीनाथ धाम मंदिर के सेवायत समाजसेवी धनेश चतुर्वेदी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया

# युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, शव के उड़ गए चिथड़े

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी 9 नंबर गेट के सामने रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शव के चिथड़े उड़ गए। घटना को लेकर परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने सर्विस रोड पर जाम लगा दिया। गांव बेरी निवासी युवक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। लोगों ने दुर्घटना के लिए सर्विस रोड पर गलत व अवैध रूप से खड़े ट्रक व सीएनजी टैंकर को जिम्मेदार ठहराया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव उठाने का प्रयास किया तो लोग भड़क गए। पुलिस से नोकझोंक भी हुई। थाना रिफाइनरी प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# हर्ष फायरिंग पुलिस होमगार्ड समेत दो घायल

**मथुरा।** थाना सुरीर क्षेत्र के कस्बा कराहरी मे लग्न सगाई समारोह मे हुयी हर्ष फायरिंग से होमगार्ड समेत दो लोग घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया गनीमत रही कि कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ और दोनों की जान बच गयी मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि करीब 10.30 बजे कस्बा कराहरी निवासी सूरज पुत्र अमर सिंह के यहाँ लग्न सगाई का प्रोग्राम धूमधाम से हो रहा था तभी सूरज के ही परिवार के जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र टीकम निवासी कराहरी ने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायर कर दिया तभी पास मे बैठे किशोर सिंकू पुत्र बनी सिंह निवासी धोरारा थाना कुबेरपुर आगरा के बाजू व कलाई मे छर्रे जा लगे, छर्रे लगते ही किशोर घायल हो गया, सगाई समारोह की खुशियों मे पल भर मे बिघ्न पड़ गया और अफरा तफरी मच गयी, इसी बीच किसी ने घटना की सूचना इलाका पुलिस को दे दी, हर्ष फायरिंग मे युबक के घायल होने की सूचना पर पुलिस मोके पर पहुंच गयी और फायरिंग करने बाले युबक की तलाश मे उसके घर पहुंच गयी जहाँ फायरिंग करने बाले युबक जितेन्द्र के भांजे कौशल उर्फ चिंकू पुत्र ताराचंद निवासी दिल्ली ने पुलिस को फायरिंग मे प्रयुक्त असलाह उपलब्ध करा दिया तभी गलती से उसके हाथ से ट्रिगर दब गया जिसके कारण गोली वहां मौजूद होमगार्ड बीरेंद्र के पैर मे जा लगी, होमगार्ड के गोली लगते ही हड़कंप मच गया, मोके पर पहुंचे कोतबाली प्रभारी अजय कुमार ने घायल होमगार्ड को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया और फायरिंग करने बाले युबक जितेन्द्र को असलाह सहित गिरफ्तार कर लिया।

# पेड़ पर लटके मिले प्रेमी युगल के शव

## कहीं और तय हो गई थी युवती की शादी, दोनों परिवारों मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमालुद्दीनपुर में आज सगाई से एक दिन पहले लड़की ने प्रेमी के साथ जान दे दी। आज सुबह दोनों के शव एक ही फंदे पर लटके मिले। लड़की की सोमवार (आज) सगाई होनी थी। रिश्तेदार घर पहुंच चुके थे। दोनों के सुसाइड का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

लड़का आशु पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। मौत से 12 घंटे पहले उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में एक गाने की रील शेयर की। इसमें चिता में प्रेमी-प्रेमिका को एक साथ लेटे दिखाया गया था। परिवार का कहना है कि दोनों रात को चुपके से कब निकल आए, किसी को पता ही नहीं चला।

आज सुबह ग्राम का एक बच्चा खेत के पास गया, तो उसने सबसे पहले दोनों के शव लटकते देखे। वह डर गया। भागता हुआ वापस आया। उनसे अपने परिवार को जानकारी दी। इसके बाद दोनों के घरवाले रोते-बिलखते पहुंचे। परिवार वालों ने शवों को नीचे उतारा और अपने-अपने घर लेकर चले गए। एक रिश्तेदार ने बताया कि दोनों एक ही जाति के थे। लंबे समय से अफेयर था। शादी करना चाहते थे। लेकिन, परिवार को इसका पता नहीं था। दोनों के घरों के बीच 50-70 मीटर की दूरी है। जान देने से कुछ घंटे पहले आशु ने अपने सोशल मीडिया पर दो रील शेयर की हैं। जान देने से कुछ घंटे पहले आशु ने अपने सोशल मीडिया पर दो रील शेयर की हैं।





आशु, मृतक

मालूम हो कि जमालुद्दीनपुर ग्राम के रहने वाले रवि कुमार किसान हैं। उनके तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा दिल्ली में नौकरी करता है। दूसरा बेटा आशु (21 वर्ष) परिवार के साथ रहता है। आशु ने इस बार पुलिस भर्ती में एसआई का फॉर्म डाला था। वह तैयारी कर रहा था। इसी गांव के रहने वाले रामवीर भी खेती करते हैं। उनकी बेटी शिवानी (19 वर्ष) और आशु दोनों के बीच अफेयर था।

15 दिन पहले शिवानी के घरवालों ने उसकी शादी तय कर दी थी। सोमवार को गोदभराई थी। शिवानी ने ये बात जब आशु को बताई। परिवार ने बताया कि शनिवार रात पूरा परिवार सो गया। दोनों कब निकले, किसी को पता नहीं चला। माना जा रहा है कि आशु ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। दोनों ने घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर खेत में मुलाकात हुई। वहीं, एक शहतूत के पेड़ पर शिवानी के दुपट्टे से दोनों ने फंदा बनाकर फांसी लगा ली। एसपी ग्रामीण डॉ. प्रकाश सिंह ने बताया- चांदपुर में एक युवक-युवती का शव पेड़ से लटके हुए मिले है। जांच में पता चला कि दोनों के बीच अफेयर था। लड़की की शादी अचानक तय हो जाने से दोनों परेशान हो गए।

# जिले में 124 परीक्षा केंद्रों पर होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा

**मथुरा।** सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से परीक्षा वर्ष 2026 हेतु परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है । जिसके द्वारा जनपद मथुरा में कुल 124 केंद्र बनाए गए हैं।

# शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन

## पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी ने काव्य गोष्ठी आयोजित की । बैंकट हॉल में मशहूर बुजुर्ग शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी द्वारा एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई नामचीन शायरों ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन फाकिर ने किया।

बिजनौर शहर की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. निरुपमा चौधरी ने शमा रोशन कर नशिस्त का आगाज किया। शहर नसीम ने अल्लामा इकबाल की मशहूर नज्म 'लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी' प्रस्तुत की। इसके बाद विभिन्न शहरों से आए मशहूर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इनमें हसन काजमी (लखनऊ), खुर्शीद हैदर (मुजफ्फरनगर), नदीम शाद देवबंदी, सुधीर तन्हा, जमाल फहमी, डॉ. निरुपमा चौधरी, निकहत अमरोहवी, बदरुद्दीन जिया और नफीस अंजुम शामिल थे।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मौहम्मद हाशिम एड., काजी अकील अहमद, मंडावर नगर पंचायत अध्यक्ष आसिफ शान, गिजाल मेंहदी, हाजी अब्दुल कादिर, काजी जमाल नासिर, हाजी आदिल इंजीनियर जुहैब, डॉ. शोएब, एड., शादाब जमन, नसीम अहमद, खुर्रम अहमद, एड., फराज हैदर जैदी, कमल खान और शाहनवाज, आरिफ हुसैन, आसिफ उस्मान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजद रहे।

# बंद मकान से आभूषण चोरी

**किरतपुर।** मौहल्ला मुफ्तियान में बंद पड़े एक मकान से लाखों के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित आजम पुत्र यामीन ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और घटना का खुलासा कराने की मांग की है। पुलिस फिलहाल प्रकरण को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। आजम का कहना है कि वह देहरादून में रहकर कार चलाने का काम करता है और समय-समय पर अपने घर किरतपुर आता-जाता रहता है। शनिवार को उसका पुत्र घर आया तो कमरे के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सेफ का ताला भी टूटा हुआ था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यातायात माह-2025 का समापन

**पुलिस ने किया नागरिकों को जागरूक**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में भव्य समारोह में रविवार को यातायात माह-2025 का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनपदवासियों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ प्रवीण रंजन सिंह व एडीसीपी मनीषा सिंह तथा एआरटीओ उदित नारायण ने किया।

समापन समारोह में पुलिस उपायुक्त एवं अपर पुलिस उपायुक्त ने यातायात माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नोएडा के सेक्टर-14ए में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रवीण रंजन सिंह ने कहा कि सड़क पर नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि गति अधिक होने, लापरवाही और हेलमेट न पहनने के कारण प्रतिवर्ष अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जो परिवारों के जीवन को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है, और सड़क पर जिम्मेदारी ही सुरक्षा का आधार है। सुरक्षित यातायात केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद भर में विशेष अभियान, हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और सड़क सुरक्षा रैलियां आयोजित की गईं। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पुलिस उपायुक्त यातायात ने सभी नागरिकों से यातायात नियमों को जानने व पालन करने की अपील की तथा उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा तभी सफल होगी जब नागरिक स्वयं नियमों को अपनी आदत बनाएंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने की उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई। तथा जनपदवासियों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अनुशासन और सतर्कता ही सड़क सुरक्षा की कुंजी है। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त नोएडा शकील अहमद, राकेश प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहें।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण की समय सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ने से मिली राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यमुना सिटी में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जेवर में रविवार को सभी बूथों पर महाअभियान चलाया गया। इस दौरान पात्र नागरिकों को अपना नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन कराने का अवसर दिया गया। अभियान के बीच पुनरीक्षण कार्य की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है। इससे बीएलओ को राहत मिली है। जेवर क्षेत्र के अंतर्गत जेवर, रबूपुरा व अन्य क्षेत्रों में रविवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण का महाअभियान चलाया गया। बीएलओ ने जगह-जगह पर जाकर लोगों से फॉर्म भरवाए। वहीं, मतदाताओं को आने वाली परेशानियों को भी दूर किया। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की तिथि बढ़ने से बीएलओ ने राहत की सांस ली है। अधिकारियों के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग अभी भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवे. दन नहीं कर पाए हैं, जिसके चलते समय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बीएलओ और सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया है कि बढ़ाई गई अवधि के दौरान घर-घर जाकर पात्र नागरिकों से फॉर्म प्राप्त किए जाएं। बूथ स्तर अधिकारियों का कहना है कि नई तिथि से बचे हुए प्रपत्रों के कार्य आसानी से पूरे हो पाएंगे। निर्वाचन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे 11 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से प्रपत्र और अन्य आवश्यक विवरण जमा कर दें, ताकि मतदाता सूची में उनका नाम शामिल हो सके।

## साइबर ठगों ने दो बैंकों से उड़ाए 1.94 लाख

**नोएडा।** गौर सिटी-2 स्थित रक्षा अडेला सोसायटी में रहने वाला एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने खुद को एचएसबीसी बैंक का कर्मचारी बताकर 1.93 लाख रुपये की ठगी कर ली। आदित्य महेश्वरी ने बिसरख कोतवाली को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 19 नवंबर को क्रेडिट कार्ड जारी न होने की शिकायत एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर की थी। इसी शिकायत का फायदा उठाते हुए साइबर ठगों ने 29 नवंबर को से कॉल कर खुद को एचएसबीसी बैंक का कर्मचारी बताया। कॉलर ने गलती सुधारने के नाम पर आदित्य से दोबारा क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने को कहा और एक लिंक ईमेल पर भेज दिया। पीड़ित ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया। उनका मोबाइल फोन हैक हो गया।

# 500 से अधिक जगहों पर लगेगा एसआईआर का विशेष शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर रविवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में प्राधिकरण समन्वयक, स्वयंसेवकों, आरडब्ल्यूए, एओए प्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारियों, श्रम संगठनों एवं बिल्डर्स आदि शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरी तत्परता, पारदर्शिता और प्रभावी ढंग से संचा. लित किया जा रहा है। जिससे ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और आमजन का सक्रिय सहयोग इस अभियान को सबसे बड़ी शक्ति है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आगामी 1 दिसंबर 2025 (सोमवार) तथा 2 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लेबर कम्युनिटी वाले क्षेत्रों में 50 विशेष शिविर लगाए जाएंगे। औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों की सुविधा के लिए लगभग 50 कैंप तथा जनपद के 35 प्रमुख शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों में भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिससे छात्र, कर्मचारी और जनसामान्य सरलता से अपना नाम जोड़ या संशोधित करा सकें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में नोएडा व ग्रेटर नोएडा के एओए एवं आरडब्ल्यूए सहित 1868 बूथ पर व हाई-राइज सोसाइटियों, आवासीय क्षेत्रों, लेबर एरिया, उद्योग, संस्थानों व सोसाइटियों, इंस्टीट्यूशन, फिल्म सिटी व मीडिया हाउस में तथा अन्य प्रमुख 500 स्थलों पर भी कैंप लगाए जायेंगे।

इसमें फिल्म सिटी, मीडिया हाउस के विभिन्न 16 लोकेशन पर भी मीडिया कम्युनिटी के लिए स्पेशल कैम्प लगाएं जायेंगे। वहीं इंस्टीट्यूशन की सुविधा के लिए प्रशासन अलग से विशेष शिविर लगायेगा, जिससे वे अपने अनुकूल समय पर प्रपत्र जमा कर सकें। सभी शिविर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होंगे, जिससे नागरिक लंच ब्रेक के बाद आसानी से सेवा प्राप्त कर सकें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इन शिविरों में प्रपत्र 6, प्रपत्र 8 सहित सभी एन्यूमरेशन फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी बूथ का फॉर्म किसी भी शिविर में जमा किया जा सकेगा। प्रशिक्षित प्रशासनिक टीम, बीएलओ, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पीडीएफ मतदाता सूची के माध्यम से 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की त्वरित सुविधा उपलब्ध रहेगी। पुराने पते से नए पते पर स्थानांतरित हुए व्यक्तियों के लिए बीएलओ समन्वय कर तत्काल अद्यतन सुनिश्चित करेंगे। आवश्यकता होने पर वहीं प्रपत्र 8 भरवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में मतदाता सूची से संबंधित सभी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार, श्रम विभाग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एयरपोर्ट को जाने वाली रोड पर नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** जेवर में ऑटो चालकों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर जाने वाली किशोरपुर रोड पर ऑटो चालक क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां बैठाकर धड़ल्ले से संचालन कर रहे हैं। कई ऑटो में 9 से 10 यात्रियों को ठूंस दिया जाता है, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय इस रूट पर स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। सड़क संकरी होने के साथ ही एयरपोर्ट निर्माण कार्य के कारण जगह-जगह बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है, ऐसे में ओवरलोडेड ऑटो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। यात्रियों का कहना है कि ऑटो चालक न तो क्षमता का ध्यान रखते हैं और न ही सड़क सुरक्षा नियमों का।

यात्रियों ने कहना है कि कई बार विरोध करने पर चालक बहस करने लगते हैं और कुछ तो उतरने तक की धमकी दे देते हैं। यात्रियों को मजबूरी में सफर करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि किशोरपुर रोड पर नियमित चें. कंग अभियान चलाया जाए। उनका कहना है कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

### नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 55 फीसदी फॉर्म अपलोड

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नोएडा विधानसभा क्षेत्र में फॉर्म अपलोड करने की प्रक्रिया तेजी पकड़ रही है। रविवार तक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की ओर से लगभग 55 फीसदी फॉर्म ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं। अभियान के तहत कुल 7.71 लाख से अधिक नागरिकों से फॉर्म भरवाकर उन्हें सिस्टम पर अपलोड किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र में कुल 752 बीएलओ तैनात हैं, जो घर-घर जाकर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। नागरिक फॉर्म भरकर दोबारा बीएलओ को सौंप रहे हैं जिसके बाद इन्हें ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड किया जा रहा है। प्रक्रिया को सुचारू और तेज बनाने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी सहयोग लिया जा रहा है जिससे टीमों तक बूथ क्षेत्र की वास्तविक स्थिति और लोगों तक पहुंच बनाना आसान हो रहा है।

ममूरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात बीएलओ दीपा अरोड़ा ने बताया कि कई ऐसे किरायेदार हैं जो मकान छोड़कर जा चुके हैं और अब उनके दिए पते पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे। ऐसे मामलों में मकान मालिक स्वयं आगे बढ़कर बीएलओ की मदद कर रहे हैं। किरायेदारों का पता लगाने की कोशिश में सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों का सहयोग अभियान की सफलता के लिए अहम साबित हो रहा है।

एसडीएम अनुज नेहरा के अनुसार सुबह 8 बजे तक लगभग 53 प्रतिशत फॉर्म अपलोड किए जा चुके थे जिसके बाद बीएलओ लगातार अपलोडिंग कार्य कर रहे हैं। दिन बढ़ने के साथ यह संख्या 55 प्रतिशत तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सौ फीसदी फॉर्म अपलोड सुनिश्चित करने के लिए सभी टीमें लगातार क्षेत्र में काम कर रही हैं। उम्मीद है कि नागरिकों के सहयोग और फील्ड टीमों की सक्रियता के चलते यह अभियान समय पर पूरा हो जाएगा।

### कस्तूरबा विद्यालयों में ओपन जिम बनाए जाएंगे

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले के तीनों कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में ओपन जिम बनाए जाएंगे। इसकी शासन से अनुमति मिल चुकी है। इस पर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे सकेंगी। अधिकारी के मुताबिक जेवर, दादरी और दनकौर में कस्तूरबा विद्यालय संचालित किए गए हैं। यहां छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए तीनों विद्यालयों के मैदान में ओपन जिम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन से भी अनुमति मिल गई है। अब निविदा जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। चयनित कंपनी द्वारा ओपन जिमा का निर्माण किया जाएगा।

# राकेश टिकैत 22 दिसम्बर को महापंचायत में होंगे शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर 22 दिसंबर 2025 को होने वाली भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत की तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई। यह पंचायत परी चौक के पास झंडे वाले मंदिर पर आयोजित की गई, जिसमें महापंचायत की रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता बेगराज प्रधान ने की, जबकि रॉबिन नागर और सुनील प्रधान ने इसका संचा. लन किया।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं के समाधान न होने पर 22 दिसंबर को महापंचायत का ऐलान किया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि लंबे समय से किसानों की आबादी निस्तारण, बैकलीज, किसान कोटे के प्लॉट और युवाओं को रोजगार जैसी समस्याएं लंबित हैं। इसके अतिरिक्त, जेवर एयरपोर्ट विस्थापन नीति में बदलाव की मांग भी की जा रही है। टिकैत ने आगरा, मथुरा, अलीगढ़ और गौतम बुद्ध नगर के किसानों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया।

मेरठ मंडल महासचिव अनित कसाना ने कहा कि महापंचायत के ऐलान के बाद अब गांव-गांव जाकर किसानों को जीरो पॉइंट पर इकट्ठा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि तुगलपुर के झंडे वाले मंदिर के फ्लाईओवर को समस्या पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कार्य शुरू कर दिया है, जिसके लिए प्राधिकरण के अधिकारियों का धन्यवाद किया गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर इकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हल्दौनी मोड़ के पास ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान राधेश्याम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक नोएडा सेक्टर-45 में रहने वाले गौरव भाटिया भाटिया के यहां हल्दौनी गांव निवासी राधेश्याम झा चालक के रूप में नौकरी करते थे। राधेश्याम 28 नवंबर की रात लगभग नौ बजे ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे। वह हल्दौनी मोड़ के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आए ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी ट्रक चालक पीड़ित को बाइक समेत करीब सौ मीटर तक घसीटता ले गया।

# रोड, पार्किंग और जाम की समस्या से जूझ रहे निवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** टाउनशिप में बसाकर निवासियों के साथ बिल्डर की ओर से छल किया गया है। गौड़ सिटी-1 में आने वाली सोसाइटी के निवासियों को सड़क, स्ट्रीट लाइट, ओवरफ्लो हो रहे नाले की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रविवार को गौड़ सिटी-1 फर्स्ट एवेन्यू के निवासियों ने इन तमाम समस्याओं का मुद्दा उठाया। निवासियों का आरोप है कि बिल्डर की ओर से टाउनशिप चार्ज लिया जा रहा है। इसके बाद भी उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। निवासी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से लेकर प्रशासन तक से मदद की गुहार लगा चुके है। उसके बाद भी अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

निवासियों ने बताया कि आए दिन जाम की समस्या उन्हें जूझना पड़ता है। यदि मेट्रो की सुविधा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को मिल जाए, तो जाम से राहत मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि सोसाइटी के बाहर की सड़क पर 50 से 60 प्राइवेट गाड़ी खड़ी रहती हैं। जिससे काफी जाम लगता है। पुलिस से भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब घर लिया गया था तो काफी सपने दिखाए गए थे कि क्लब हाउस होगा। उसके साथ कई अन्य सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। क्लब हाउस की जगह पर होटल बना दिया गया। बच्चों के खेलने तक के लिए भी कोई सुविधा नहीं है। मेंटेनेंस के नाम पर हर माह तीन से चार हजार रुपये देने के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिल रही है।

**सार्वजनिक पार्कों में लगा दी पाबंदी:** निवासियों ने बताया कि सोसाइटी के पास तीन पार्क है, लेकिन बिल्डर प्रबंधन की ओर से सार्वजनिक पार्क पर भी पाबंदी लगा दी गई है। उसे शाम को साढ़े सात बजे बंद कर दिया जाता है। जबकि पार्कों को साढ़े सात बजे नहीं बंद किया जाना चाहिए। यदि सुरक्षा की दृष्टि से पार्क बंद किए गए तो रात दस के बाद पार्कों को बंद किया जाए।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसा, ट्रक से टकराया कंटेनर

**ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत, कंपनी का सामान लेकर आगरा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से आगरा की ओर जा रहा एक कंटेनर सामने चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर चालक सोनू शर्मा (निवासी हाथरस) केबिन में गंभीर रूप से फंस गया।

पुलिस ने उसे बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सोनू शर्मा के चाचा राजकुमार शर्मा ने दनकौर कोतवाली में ट्रक चालक के खिलाफ शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज कराई है।

परिजनों के अनुसार, सोनू मुरादनगर निवासी एक व्यक्ति के कंटेनर को चला रहा था और कंपनी का सामान लेकर आगरा की ओर जा रहा था। परिजनों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे आ रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर उससे टकरा गया।

इस हादसे में कंटेनर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक घटना के बाद से फरार है। पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिजली आपूर्ति सुधरने के काम इसी माह शुरू होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में बिजली ढांचे को सुधारने के लिए 97 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे विद्युत निगम के बिजली ढांचे को दुरुस्त करने और नई लाइन बनाने के कार्य जल्द शुरू हो सकेंगे। विद्युत टेंडर होने के बाद मार्च 2026 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा जाएगा। विद्युत निगम द्वारा वर्ष 2025-26 में बिजली ढांचे को सुधारने के कार्यों का प्रस्तावों को पूर्व में ही स्वीकृति मिल चुकी है। जिले में 97 करोड़ रुपये के कार्य को मुख्यालय ने स्वीकृति दे दी है। अब विद्युत निगम द्वारा टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार दिसंबर 2025 में टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक कार्य भी शुरू कर दिए जाएंगे।

इससे बिजली ढांचे को मजबूत करने के कार्य होंगे हैं। इसमें जर्जर बिजली के खंभे और लाइनें बदली जानी है। इसके साथ ही बिजली लाइन की क्षमता वृद्धि, ट्रांसफार्मरों की संख्या और क्षमता वृद्धि करने, नए पैनल बॉक्स लगाने, अर्थिंग, सीटीपीटी और वीसीबी आदि लगाने का कार्य होने हैं। अब बिजली ढांचे को सुधारने के कार्य जल्द जमीनी स्तर पर शुरू हो जाएगा। **फोनरवा और आरडब्ल्यूए की जगी उम्मीद :** फोनरवा के महासचिव केके जैन ने बताया कि वित्त वर्ष में 97 करोड़ रुपये के कार्य निर्धारित लक्ष्य तक पूरे हो जाएंगे तो शहर के बिजली ढांचे में काफी सुधार होगा। अब उम्मीद है कि त्वरित नए टेंडर जारी करके जमीनी स्तर पर कार्य शुरू हो सकेंगे।

# युवक पर पत्नी और बच्चों के अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-53 में रहने वाले व्यक्ति ने एक युवक पर अपनी पत्नी और दो बच्चों का अपहरण करने और फिरौती मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने युवक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया कि उसका विवाह पांच साल पहले हुआ था। उसका एक बेटा और बेटी है। आरोप है कि पिछले दिनों उनकी पत्नी की दोस्ती सेक्टर-44 के रहने वाले युवक वीरेंद्र से हो गई। वीरेंद्र ने उनकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसा लिया। उनकी पत्नी ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं होने के कारण आरोपी के झांसे में आ गई।

पीड़ित ने इस प्रेम प्रसंग का विरोध किया और पत्नी के परिजनों को जानकारी देकर अक्तूबर 2025 में थाने में शिकायत की। इस पर महिला ने पति के साथ रहने और आरोपी पर परेशान करने का आरोप लगाया। आरोप है कि इसके बाद उनकी पत्नी और बच्चे लापता हो गए। घर से गहने और एक लाख रुपये भी गायब हैं। पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो आरोपी ने मोबाइल पर मैसेज भेजकर पत्नी और बच्चों के बारे में जानकारी दी। इसके एवज में पांच लाख रुपये की फिरौती देने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर वीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# नोएडा एयरपोर्ट के पास बसेंगे मिनी जापान और कोरियाई शहर

**निवेश के कतार में बड़ी कंपनियां, जमीन का सोना बनना तय**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे का एरिया विदेशी निवेश का एक बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक जापानी और कोरियाई इंडस्ट्रियल शहर बसाने की योजना है।

दिल्ली एनसीआर का नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे का एरिया अब केवल एक रियल एस्टेट मार्केट नहीं रहा है, बल्कि यह विदेशी निवेश के एक बड़े केंद्र के तौर पर उभर रहा है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड की ताजा रिपोर्ट नोएडा रनवे फॉर ग्रोथ के मुता. बिक, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास खास तौर से जापानी और कोरियाई इंडस्ट्रियल शहर बसाने की योजना है। यह कदम क्षेत्र की आर्थिक और रियल एस्टेट दिशा को पूरी तरह बदलने के लिए तैयार है। कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के तहत समर्पित बिजनेस डिस्ट्रिक्ट्स विकसित किए जा रहे हैं।

**395 हेक्टेयर में फैला होगा शहर:** सेक्टर 51 में जपानी शहर की योजना है, जो लगभग 395 हेक्टेयर में फैला होगा। वहीं, सेक्टर 41 में कोरियन शहर बसाया जाएगा, जिसका विस्तार 365 हेक्टेयर में होगा।

**शहर की लोकेशन खास:** निवेशकों के लिए सबसे आकर्षण की बात इन शहरों की लोकेशन है। ये दोनों सेक्टर जेवर एयरपोर्ट से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं।

**इस कारण विदेशी कंपनियां लगाएंगी यूनिट्स:** कुशमैन एंड वेकफील्ड का विश्लेषण बताता है कि दिल्ली से सीधा जुड़ाव और मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब विद. शी कंपनियों को यहां अपनी यूनिट्स स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

**फिनटेक सिटी किए हैं डिजाइन:** सिर्फ जापानी और कोरियन सिटीज ही नहीं, बल्कि विदेशी और संस्थागत निवेश को आकर्षित करने के लिए नोएडा में एक फिनटेक सिटी के साथ-साथ फिनटेक, खिलौने और मेडिकल डिवाइस के क्लस्टर भी डिजाइन किए हैं। डेंसो कॉर्पोरेशन (जापान) और फॉक्सकॉन (ताइवान) जैसी कंपनियों की घोषणाएं यह संकेत देती हैं कि यह क्षेत्र एक प्रमुख क्षेत्रीय विनिर्माण और नॉलेज हब बन रहा है।

**इन इंफ्रास्ट्रक्चर से होगा फायदा:** कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक एयरपोर्ट के साथ-साथ एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल और मेट्रो की कनेक्टिविटी विदेशी निवेशकों के लिए माल और लोगों की आवाजाही को आसान बनाएगी, जो इस क्षेत्र को निवेश का हॉटस्पॉट बनाती है। कुशमैन और वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक नोएडा- ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के चलते नए घरों की लॉन्चिंग 54 फीसदी बढ़ी है। इसके अलावा गौतम बुद्ध नगर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे) में 2025 के पहले 9 महीनों में 10,242 यूनिट्स लॉन्च हुई है।

# मरम्मत के दौरान करंट से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फराबाद में रविवार को हाईटेंशन लाइन की मरम्मत के दौरान एक युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान एहसान मलिक उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र नसीर मलिक, निवासी ग्राम नवादा फर्कपुर के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुजफ्फराबाद बिजलीघर के लाइनमैन हुकम सिंह की देखरेख में 11 केवी हाईटेंशन लाइन की मरम्मत का काम चल रहा था। लाइन का शटडाउन दिए जाने के बावजूद अचानक करंट दौड़ गया। खंभे पर चढ़ा एहसान मलिक बुरी तरह झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया गांव नवादा और मुजफ्फराबाद में मातम छा गया। परिजनों का आरोप है कि लाइन का शटडाउन ठीक तरीके से नहीं लिया गया था और सुरक्षा उपकरणों की भी कमी थी।सूचना मिलते ही कार्यवाहक थाना प्रभारी विनय शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया गया तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।



पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घटना से क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। ग्रामीणों में भारी रोष है और विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## बीएलओ बीरपाल ने जमा किए 95 फीसदी फार्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**छुटमलपुर।** सरदाहेड़ी गांव के बीएलओ मास्टर बीरपाल की दिन रात की मेहनत से अब तक 95 प्रतिशत फॉर्म 2003 भरकर जमा हो चुके हैं।

मास्टर बीरपाल खुद हर घर जा रहे हैं लोगों से पूरी जानकारी लेकर फॉर्म भर रहे हैं और तुरंत जमा भी करा रहे हैं। उनकी लगन का नतीजा है कि गांव पूरे क्षेत्र में सबसे आगे चल रहा है बीएलओ मास्टर बीरपाल ने ग्रामीणों से अपील की बचे हुए परिवार जल्द से जल्द फॉर्म जमा करा दें ताकि 2 दिसंबर तक हम 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लें कोई भी मतदाता सूची से न छूटे मैं हर घर तक पहुँच रहा हूँ, बस थोड़ा साथ दें।

ग्रामीणों ने उनकी मेहनत की खुले शब्दों में तारीफ करते हुए कहा कि मास्टर बीरपाल जैसे जिम्मेदार अधिकारी मिल जाएँ तो काम आसान हो जाता है।

# बाजार में महिलाओं से पुलिस का संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर व महिला कांस्टेबल प्रीति चौधरी ने रविवार को कस्बे के संडे मार्केट में विशेष भ्रमण किया भीड़ भाड़ वाले बाजार में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए दोनों पुलिसकर्मियों ने खरीदारी कर रही महिलाओं व लड़कियों से सीधा संवाद किया और सुरक्षा टिप्स दिये।



महिला एसआई मिथिलेश राठौर ने बाजार में घूमते हुए महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अजनबी व्यक्ति से बात करने में सावधानी बरतें देर रात अकेले बाहर न निकलें और किसी भी समस्या पर तुरंत 112 या 1090 पर कॉल करें साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जागरूक किया।महिला कांस्टेबल प्रीति चौधरी ने बालिकाओं को अपने साथ पेपर स्प्रे या कोई सुरक्षा उपकरण रखने की सलाह दी। बाजार में मौजूद दुकानदारों से भी छेड़छाड़ या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा गया इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी छोटी मोटी समस्याएँ भी बताईं जिनका मौके पर ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया बाजार में पुलिस की महिला टीम को देखकर लोगों ने राहत की सांस ली और इस पहल की सराहना की।एसएचओ विनय शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत हर रविवार संडे मार्केट में महिला पुलिस की टीम तैनात रहेगी ताकि बहन-बेटियाँ पूरी निश्चिंत होकर खरीदारी कर सकें।

## सड़क हादसे में मौत

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली क्षेत्र के नकुड़ रोड पर जैनपुर मार्ग के पास शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई।

चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गांव भैरमऊ निवासी 56 वर्षीय अमरीश कुमार पुत्र बलजोर सिंह बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि अमरीश गंभीर रूप से घायल हो गए।आनन-फानन में लोगों ने उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सही भरें एसआईआर फार्मः सोनू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए पत्रकार सोनू राणा ने बड़ी मुहिम छेड़ दी है रविवार को वे अपनी टीम के साथ प्राथमिक विद्यालय सरदाहेड़ी पहुँचे और बीएलओ द्वारा बाँटे गए फॉर्म को लोगों से डिटेल लेकर खुद भरवाया तथा सही तरीका भी सिखाया

सोनू राणा ने ग्रामीणों से कहा एसआईआर को लेकर बिल्कुल घबराएँ नहीं फॉर्म बहुत आसान है 1 जनवरी 2003 की मतदाता सूची के आधार पर भरना है नाम उम्र पिता/पति का नाम पता स्पष्ट लिखें फॉर्म भरने के बाद दोबारा जाँच जरूर कर लें संतुष्ट होने के बाद ही बीएलओ को जमा करें और रिसीविंग जरूर लें उन्होंने साफ किया कि अभी किसी भी दस्तावेज की कॉपी जमा करने की जरूरत नहीं है। सिर्फ फॉर्म ही जमा करना है अगर कोई समस्या आए तो बीएलओ या खुद उनसे संपर्क करें।



राव कामिल राणा ने बताया कि यह अभियान 11 दिसंबर तक चलेगा। नए मतदाता (18 साल पूरे होने वाले) स्थानांतरण या सुधार कराने वाले सभी लोग फॉर्म जरूर भरें।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद दिलशाद, बीएलओ मास्टर बीरपाल, राव कामिल राणा, राव शहजाद, राव मुतालिब सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# जोन प्रतियोगिता में जीते 6 पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मेरठ के हस्तिनापुर में आयोजित चार मंडलों की जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय जौला डिंडोली के छात्रों ने 6 पदक जीत कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा 12 के विनीत कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऊंची कूद तथा भाला फेंक में 2 स्वर्ण पदक तथा 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किए है। कक्षा 10 के छात्र रजनीश कुमार ने बैडमिंटन में स्वर्ण पदक तथा कक्षा 9 के रितिक कुमार ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। जबकि विद्यालय कबड्डी टीम ने भी रजत पदक जीता है । पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों सहित व्यायाम शिक्षक हरदीप सिंह का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 वीरेंद्र कुमार व विद्यालय परिवार ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना सोनकर ने भी विद्यालय की इस उपलब्धि पर विजेता छात्रों सहित विद्यालय परिवार को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है । स्वर्ण पदक विजेता छात्र विनीत कुमार एवं रजनीश कुमार ने राज्य स्तरीय होने वाले खेलों के लिए क्वालीफाई किया है।

# शॉल ओढ़ाकर कार्यकर्ता सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** आर्य समाज नंगली मेहनाज एवं जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा तहसील देवबंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आर्य समाज के कर्मठ महिला पुरुष कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ से हुआ जिसके ब्रह्मा अमरेश आर्य रहे ।सैकड़ों लोगों ने यज्ञ में आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना एवं वातावरण शुद्धि का संदेश दिया । बाद मे महिला पुरुषों एवं बच्चों ने मिलकर पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाली। आर्य समाज के प्रसार प्रचार मे अपनी महती भूमिका निभाने वाले तहसील देवबंद की 9 महिला व 16पुरुष कार्यकर्ताओं को गर्म लोई एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर दिल्ली से मधुर प्रकाश, प्रवीण कुमार, हरिद्वार से सरिता, मधुबाला, सुधांशु, जिला प्रधान महिपाल आर्य, तहसील प्रधान मुकेश आर्य, मंत्री डॉ सुरेंद्र आर्य, मा जनेश्वर प्रसाद आर्य, अजबसिंह आर्य, राजवीर आर्य, जनकवीर आर्य, अमरीश आर्य विकास आर्य, चौधरी विपिन आर्य, वैद्य राम कृष्ण, देवव्रत आर्य, पंडित अमरेश आर्य, नरेशना आर्या, सतीश प्रधान, विनोद आर्य, विजयपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# जीप से भिड़ंत में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** थार व बाईक की टक्कर से बाईक सवार की मौत व एक गम्भीर रूप से घायल

नानौता के गांव देवपुरा मे शादी समारोह मे बाइक पर सवार होकर आये दो बारातीयो की बाइक मे थार (गाडी) ने टक्कर मार दी जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना थानाभवन के गांव ईरशादपुर के विजयपाल पुत्र रतिराम के रूप मे हुई जबकि घायल व्यक्ति थाना बेहट के गांव गन्देवड के रघुवीर पुत्र सुघ्घन के रूप मे पहचान हुई है। दिल्ली मार्ग स्थित गांव देवपुरा मे इरशादपुर से बारात आयी हुई थी। मृतक अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर बारात मे शामिल होने आये थे। बाइक सवार जैसे ही देवपुरा गांव मे जाने के लिए सडक पार कर रहे थे तभी सहारनपुर की ओर से आ रही थार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमे दोनो बाइक सवार सडक पर गिर पडे ओर गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायल रघुवीर को गम्भीर चोट आने पर उपचार के लिए भिजवाया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना से शादी का माहौल मातम में बदल गया।

**■ सड़क पार करते समय हुआ हादसा, शव को पीएम के लिये भेजा**

# सेवानिवृत्ति पर होमगार्ड को विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** थाना नानौता में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को पुलिस परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

विदाई कार्यक्रम की शुरुआत में थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी ने सेवानिवृत्त होमगार्ड के सेवा-काल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कार्य को अनुशासन और समर्पण को सर्वपरी माना है। थाना प्रभारी नवीन सैनी ने कहा कि होमगार्ड जवानों का योगदान पुलिस व्यवस्था की रीढ़ है और उनके द्वारा निभाई गई सेवाओं का समाज में हमेशा सम्मान रहता है।



समारोह में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने विशेष रूप से उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त होमगार्ड विजय कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और थाना नानौता में बिताया गया समय उनके जीवन की अनमोल यादों में रहेगा।

समारोह में एसआई जितेन्द्र कुमार, जयवीर सिंह, नीलज राणा, होमगार्ड जिशान खान, नरेश राणा, अनुज कुमार, चालक नरेश आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

**भावना कालडा ( Bhawna Kalra) W/o Rakesh Kumar Kalra निवासी मकान नम्बर 8/1180 कृष्णानगर निकट चिलकाना चुंगी सहारनपुर ने अपना नाम देवलता पुत्री राजेन्द्र खेडा से बदलकर भावना कालडा, जन्मतिथि 05.06.1973 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।**

**सूचना**

मेरी पुत्री मानवी नागपाल के हाईस्कूल के अंक पत्र में मेरा नाम CHANDERSHEKHAR NAGPAL दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम CHANDERSHAKHER NAGPAL है। मुझे इसी नाम से पुकारा व जाना जाता है।

**चन्द्र शेखर नागपाल पुत्र श्री फतेह चन्द नागपाल निवासी शिव मन्दिर के पास नवीन नगर, सहारनपुर।**

# भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है ,भक्त प्रहलाद और ध्रुव ने बालपन में ही भगवान की भक्ति कर उन्हें प्राप्त कर लिया था। श्रीमद्भागवत कथा में भक्त ध्रुव,प्रहलाद प्रसंग,उद्धव विदुर संवाद, सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

रणदेवी के रामदूत कॉलेज में चल रहे सौ कुंडीय श्री सूर्य पञ्चायतन महायज्ञ,श्रीमद्भागवत कथा एवं कोटी अर्चनात्मक पञ्चदेव महायज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास दंडी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज ने व्यास पीठ से भक्त प्रहलाद ,ध्रुव चरित्र और उद्धव-विधुर प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया, उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे बहुत बड़ा संकट टल गया। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। इसलिए हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि अभी हमारी उम्र भक्ति करने के लिए नहीं है क्योंकि भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती, उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए भक्त ध्रुव और प्रहलाद की कथाएं अवश्य सुननी चाहिए।



कथा से पूर्व आयोजन के मुख्य यजमान ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी मयंक चौधरी मोहित चौधरी मुकुल चौधरी हर्ष चौधरी ने श्रीमद्भागवत जी का पूजन एवं आरती कर व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। प्रतिदिन की भांति यज्ञशाला में दोनों सत्रों में यज्ञ किया गया, आयोजन के अंतिम सोपान में काशी जी की भव्य आरती की गई जिसकी शोभा देखते ही बनती थी आरती में बड़ी संख्या महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर हरी कॉलेज के संस्थापक चौधरी हरपाल सिंह बॉलिस्टर चौधरी मनोज गोयल विजय त्यागी संदीप खारी सुभाष सिंह राजीव गुप्ता सचिन गुप्ता अमित शर्मा राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से जला गरीब का आसियाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ब्लॉक के गांव ढलावली निवासी गोविंद पुत्र बीरम सिंह का 31 अक्टूबर रात में घर में आग लग गई थी जिससे घर में रखा सामान बेड सोफे ड्रेसिंग फ्रिज चारपाई रजाई गद्दे आदि हजारों रूपये का सामान व अटैची में रखे तीस हजार रुपए भी जलकर राख हो गया। गोविंद के दो बच्चे है एक अभी जो दूसरी क्लास सरकारी स्कूल में पढ़ाई करता है एक बेटी है जिसका नाम आन वी 5 साल की है। पीड़ित परिवार मजदूरी करके अपने बच्चों का भरण पोषण करता है।



पीड़ित गोविंद ने तहसील दिवस में तहरीर देकर प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग की थी लेकिन ग्राम सचिव ने रिपोर्ट पक्के मकान में रहने की लगाकर जिम्मेदारी से अपना पल्ला झाड़ लिया। जबकि रिपोर्ट में साफ लिखा है कि शिकायत करता संतुष्ट नहीं है।

पीड़ित परिवार गरीब मजदूर युवक है जो सर पर साया ढूंढने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है लेकिन अधिकारी घुमा रहे हैं। अब गरीब मजदूर परिवार जाए तो कहां जाए।

# पैदल गशत कर सुरक्षा का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार ने पुलिस टीम सहित पैदल गस्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा दुकानदारों को सीसीटीवी कैमरे लगाने की हिदायत की।

थाना प्रभारी विनोद कुमार थाना क्षेत्र के ग्राम पटनी में पहुंचे, इस दौरान उन्होंने अपनी पुलिस टीम सहित गांव के मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर पैदल गस्त किया। पुलिस टीम द्वारा पटनी में ही चिलकाना सहारनपुर रोड पर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की तलाशी ली गई तथा पत्राचार चौक किये गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाये जाने के दृष्टिगत चौकिंग व गस्त किया जा रहा है। उन्होंने सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की हिदायत भी की। टीम में एसआई अंकित कुमार, नरेंद्र सोलंकी, हैड कांस्टेबल अरविंद कुमार, कुलदीप, अरुण तोमर, कांस्टेबल अनुज राणा, अमित तोमर व सौरव पंवार शामिल रहे।



# नाबालिग किशोरी की संदिग्ध हालतं में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पंचायत फिरोजाबाद के पीरमाजरा में एक नाबालिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि गांव पीरमाजरा में सोलह वर्षीय नाबालिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूत्रों में मिली जानकारी के मुताबिक उक्त किशोरी काफी समय से बीमार चल रही थी, जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने रविवार की सुबह बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

**■ बिना पुलिस को सूचना दिये परिजनों ने किया सुपुर्द ए खाक**

सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को परिजनों ने बीमारी के चलते किशोरी की मौत होने का हवाला देते हुए किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि किशोरी द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर गई थी लेकिन परिजनों द्वारा काफी समय से बीमारी होने के कारण किशोरी की मौत होना बताया गया तथा किसी भी तरह की कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिया गया।

# प्रदेश महामंत्री प्रवीण का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी के सभागर कक्ष में जनपद के समस्त एआरपी द्वारा एआरपी संगठन के प्रदेश महामंत्री तथा जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

एआरपी द्वारा जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी को फूलमाला पहनाकर तथा बुकें भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान सभी एआरपी ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत हर्ष की बात है कि हमारे साथ प्रवीण चौधरी के रूप में एक कर्तव्य निष्ठ, मृदुभाषी एवं मजबूत नेतृत्व कार्य करता हैं।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी सभी एआरपी को आश्वासन दिया कि वह सभी साथियों की प्रत्येक समस्या के निवारण के लिए जिल ास्तर एवं प्रदेश स्तर पर सदैव प्रयासरत रहेंगे और संघर्ष करते रहेंगे।

# स्मॉग से हो रही आंखों में जलन और सांस लेने में कठिनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आसमान में फैले स्मॉग से आंखों में जलन और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। आसमान में फैला घना स्मॉग, न सिर्फ दृश्यता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि लोगों को सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई स्थानों पर प्रदूषण के स्तर ने खतरनाक सीमा को पार कर लिया है, जिसके कारण आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।



कोहरे और प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर के मानक को लेकर अधिकारी चिंतित है। जिसके चलते रविवार को लगातार दिनभर आसमान में स्मॉग छाया रहा। सुबह के समय स्मॉग इतना अधिक था कि सडकों, हाईवों पर .श्यता भी प्रभावित हो रही थी। पिछले कुछ दिनों में शामली की वायु गुणवत्ता सूचांक 109 से 259 के बीच रहा।

यह संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक है। रविवार को भी वायु गुणवत्ता सूचंका 190 के आसपास रहा। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण दुकानें और बाजार बंद रहे, जिस कारण लोगों को आसमान में फैले स्मॉग का महसूस नही किया, लेकिन बुर्जुग, और बीमार लोगों को परेशानियां हुई है। चिकित्सकों ने मास्क लगाकर घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।

# झिंझाना पुलिस ने दो तस्कर गिरफ्तार कर साढ़े चार लाख रुपये की स्मैक बरामद की





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान श्ऑपरेशन सवेराश के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ही दिन में की गई दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से लगभग 40 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामद नशीले पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 40 हजार रूपए बताई जा रही है।

पुलिस ने जावेद औदरी नामक एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 20।40 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दूसरी कार्रवाई में रियासत केरटू नामक दूसरे तस्कर को उसके इलाके में ही पकड़ लिया गया। उससे 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस इन गिरफ्तारियों को और आगे बढ़ाते हुए जांच कर रही है। मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि यह नशीला पदार्थ कहां से आ रहा था और किसे आपूर्ति की जानी थी। पुलिस दोनों आरोपियों से जुड़े पूरे तस्करी नेटवर्क,सप्लाई चेन और अन्य संलिप्त लोगों का पता लगाने में जुटी हुई है। इस कार्रवाई से पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अपनी सख्ती जारी रखने का संदेश दिया है और भविष्य में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहने की उम्मीद है।

## न्यायालय सजा

### तीन को कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 18 जनवरी वर्ष 2022 को मोहल्ला रेलपार निवासी गोपाल की माता राजकुमारी का शव सिम्भालंका जंगल से बरामद हुआ था। इस मामले में गोपाल की तहरीर पर पुलिस ने हरिबाबा, सुन्दर कश्यप और नत्थूदास के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामले में लगातार सशक्त व प्रभावी पैरवी की। अदालत ने सुनवाई पूरी करते हुए तीनों आरोपियों को धारा 302 में आजीवन कारावास व 20-20 हजार रूपए अर्थदंड, जबकि धारा 201 में दो-दो वर्ष का साधारण कारावास व 2-2 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भी निर्धारित किया गया है।

### दो अभियुक्तों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2009 में अभियुक्त राहुल पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली के विरुद्ध थाना आदर्शमंडी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा गैंगस्टर के मामले में अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 2 वर्ष का कारावास व 5,000/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। उधर, 2023 में अभियुक्तगण 1. आकाश उर्फ मिन्टू पुत्र विनोद 2. गौरव उर्फ अंकित पुत्र प्रेमपाल निवासीगण ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुक. दमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा गैंगस्टर के मामले में अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 2 वर्ष 3 माह का कारावास व 10,000-10,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 1-1 माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है।

### तीन हत्याभियुक्तों को कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 18.1.2022 को गोपाल पुत्र स्व. रामकुमार निवासी मोहल्ला रेलपार मकान कल्याण सिंह थाना आदर्शमंडी जनपद शामली की माता राज. कुमारी का शव सिम्भालंका जंगल में मिला था, जिसमे हरी गिरी बाबा व अज्ञात साथियो द्वारा हत्या करने के सम्बन्ध मे वादी गोपाल उपरोक्त की तहरीर पर थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आज न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा अभियुक्तगण 1. ब्रजपाल उर्फ हरिबाबा पुत्र शोभाराम निवासी नून्ना खेड़ी थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर हाल पता आश्रम कालोनी लिलौन रोड (मल्ली रोड़) शामली 2. सुन्दर पुत्र राजपाल कश्यप निवासी ग्राम किरठल थाना रमाला जनपद बागपत 3. नत्थूदास पुत्र बन सिंह निवासा बड़ा नंगला कबीर थाना सिखेड़ा जनपद मुजफ्फरनगर को दोषी पाते हुए धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 20,000-20,000/-रुपए अर्थदण्ड, अर्थदण्ड जमा न करने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास तथा धारा 201 भादवि में 2-2 वर्ष के साधारण कारावास की सजा व 2,000-2,000/- रुपए अर्थदण्ड, अर्थदण्ड जमा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया है।

### 11 एनबीडब्ल्यू अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 30.11.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना थाना आदर्शमण्डी कोतवाली शामली बाबरी झिंझाना कांधला थानाभवन पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 11 एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. श्यामपाल पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, 2. मांगेराम पुत्र सुखवीर निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, 3. राजकुमार पुत्र पालू निवासी मौहल्ला गांधी नगर कस्बा बनत थाना आदर्श मण्डी शामली जनपद शामली, 4. आजम पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला कलन्दरशाह थाना कोतवाली जनपद शामली, 5. मोनू पुत्र नेकीराम निवासी ग्राम कैडी थाना बाबरी जनपद शामली, 6. विजय पुत्र अरविन्द निवासी खानपुर कला थाना झिझाना जनपद शामली, 7. इकराम पुत्र अशरफ निवासी नई बस्ती समेलमपुर रोड कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली, 8. इस्लाम पुत्र अशरफ निवासी नई बस्ती समेलमपुर रोड कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली, 9. दाउद पुत्र इशरफ निवासी ग्राम गढीदौलत थाना काधला जनपद शामली, 10. मेहताब पुत्र अलीनवाज निवासी मौहल्ला नत्थीटंकी भैसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, 11. प्रवीण पुत्र बाबू निवासी ग्राम श्यामगढी थाना कांधला जनपद शामली है।

# जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां की वितरित






**शामली।** नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा सरकारी प्राइमरी स्कूल, न,1, नोजल में स्कूल के सभी बच्चों , और आंगन बाड़ी बच्चो को जर्सी और टोपे वितरण किए , और सभी बच्चों, के लिए बैंच, मेज, आदि भी देने का वायदा किया,नगर पालिका शामली अध्यक्ष अरविंद संगल जी ने आशीर्वाद स्वरूप सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि कहा गुरुओं के बताए रास्ते पर चल कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक दिन डॉक्टर, इंजियर, आई, पी, एस ऑफिसर, कि तरह महान बन सकते हैं उपस्थित, संथापक अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग, अध्यक्ष मनुज कांबोज,जगदीश प्रसाद, अजय गर्ग, अंकुर आर्य, संदीप विश्वकर्मा, प्रिंसिपल रवि कुमार, अंकित जी, कविता जी संरक्षक, सुरेंद्र बंसल, वीरेंद्र संगल, आयुष गोयल, सतीष गोयल, गिरिश तायल, देविंद्र धानिया, अमित गर्ग अनिल कुमार, सचिन अरोरा, मोहित शिवाल, भोरी लाल, आदि शामिल रहे।

**शामली।** कड़ाके की ठंड के बीच भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा रविवार को जरूरतमंद विद्यालई बच्चों के लिए 400 जर्सियों का निशुल्क वितरण किया गया। जर्सी वितरण कार्यक्रम रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर, दासीवाला पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन दिव्य प्रभाकर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह आर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष राजपाल आर्य, राजीव जैन, यशपाल पवार, मुकेश गर्ग एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। कहा कि भारतीय विद्यार्थी संगम हर वर्ष सर्दी के मौसम में बच्चों के लिए जर्सी वितरण कर मानव सेवा का सराहनीय कार्य करती है। संस्था के अध्यक्ष अनुराग जैन ने बताया कि आज 400 बच्चों को जर्सियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वैभव संगल, संरक्षक नितिन वर्मा, रमेश नामदेव, नवीन अरोड़ा, अनिल बंसल, रवि संगल, राकेश शर्मा, विकास शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, मुकेश वर्मा, रामनिवास सैनी, श्यामलाल आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को कस्बे के दो स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 128 वें एपिसोड को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन एवं सभासद प्रदीप भार्गव के निवास पर किया गया। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की कार्यशैली और उनकी दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति की सराहना की। वहीं मंडल कार्यालय पर भी मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मन की बात' सुनी। डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री का संवाद देशवासियों के दिलों को छूता है और ऐसा प्रतीत होता है कि वे हर नागरिक से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए हैं।कार्यक्रम में, दीपक गुप्ता, रवि नामदेव, पूजा सैनी, अशोक चौहान, अंकित शर्मा, राजीव शर्मा, डॉ। रामकुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बढ़ता जा रहा है ठंड का प्रकोप

**शामली।** रविवार को सवेरे से ठंडी हवाओं का दौर जारी रहने से ठंड का प्रकोप बना रहा। ठंड बढ़ने से लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया है वही रात्रि में मौसम का तापमान लगातार गिरने से सड़कें वीरान दिखाई देने लगी है। रात्रि में कई चौराहों पर लोग आलाव के सहारे बैठे दिखाई दिए। रविवार को मौसम का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान पिछले एक सप्ताह में लगातार कम हुआ है। यदि न्यूनतम तापमान की बात करे तो पिछले एक सप्ताह में करीब 6 डिग्री सैल्सियस कम हुआ है। रविवार सुबह से ही सर्द हवाएं चलती रही। दोपहर के समय तेज धूप जरूर निकली और दिनभर लोग धूप के सहारे बैठे रहे, लेकिन जैसे ही शाम हुई तो सर्द हवाएं का दौर एक बार फिर शुरू हो गया था। ठंड से बचाव को लोग गर्म कपडों के सहारे समय व्यतीत करते रहे। रात्रि के समय ठंड का प्रकोप बढ़ने से सड़के वीरान हो गई थी। शहर के विभिन्न चौराहों पर लोग आलाव के सहारे बैठे रहे।

# एसआईआर के तहत मदरसे में लगा मेगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पानीपत रोड स्थित मदरसा अशातुल इस्लाम में शनिवार को एसआईआर अभियान के तहत फॉर्म जमा कराने और अधूरे फॉर्मों को पूरा कराने के लिए मेगा कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान लेखपाल, अमीन और विभिन्न वार्डों के बीएलओ मौजूद रहे। साथ ही फॉर्म जमा करने वालों की भीड़ लगी रही।



पानीपत रोड पर स्थित मदरसा इशातुल इस्लाम में आयोजित एसाईआर मेगा कैंप में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में वोटरों का घर.घर सत्यापन, दस्तावेजों का मिलान, पुराने रिकॉर्ड में सुधार, नए मतदाताओं का पंजीकरण और त्रुटियों का निराकरण किया जा रहा है। आयोग ने इसे संवेदनशील प्रक्रिया बताते हुए सभी को फॉर्म समय से जमा करने की अपील की है। कैंप में आए नागरिकों के फॉर्म जमा किए गए। अधूरे या गलत भरे फॉर्मों को मौके पर ही ठीक कराया गया, ताकि कोई भी मतदाता प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। चुनाव आयोग ने एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है।सुबह से ही कैंप में लोगों की भीड़ रही और स्टाफ स्क्रूटनी व सत्यापन में जुटा रहा।इस मौके पर सुपरवाइजर इनाम चौधरी, साजिद अमीन, शहजाद खान समेत बीएलओ फारूक अहमद, बृजेश कुमार, शाहिद हसन, मोहम्मद असलम, शिव ओम, अब्सार अहमद, मोहम्मद आरिफ उपस्थित रहे। अभियान को सफल बनाने में मौलाना बरकतुल्लाह अमीनी, मास्टर समीउल्लाह खान, डॉ। अनवार अंसारी, इंतजार अंसारी, डॉ। अजमतुल्लाह खान, मौलवी सुफयान आदि का अहम योगदान रहा।

### बीएलओ घर घर जाकर कर रहे एसआईआर फॉर्म अपलोड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** वार्ड में मतदाता सूची के एसआईआर फॉर्म अपलोड करने का कार्य तेजी से जारी है। बीएलओ सुभाष चंद ने बताया कि उनके वार्ड में कुल 1017 मतदाता दर्ज हैं। इनमें से अब तक लगभग 90 फीसद फॉर्म ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं। बीएलओ ने जानकारी दी कि कुछ लड़कियों की शादी हो जाने के कारण वे वार्ड से बाहर चली गई हैं, जबकि कुछ मतदाताओं की बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। ऐसे नामों के सत्यापन व दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद सूची में आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेष बचे मतदाताओं के फॉर्म भी शीघ्र ही अपलोड कर दिए जाएंगे, जिससे आगामी मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और सटीक रूप में तैयार हो सके।

## एक नजर

### महिला ने सगी बहन पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव गढ़ीरखा निवासी महिला कलावती पत्नी ब्रजपाल ने अपनी सगी बहन संगीता पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।पीड़िता ने बताया की उसके पति ब्रजपाल के साथ अवैध संबंध होने को लेकर दोनों के बीच कई बार कहा. सुनी हो चुकी है। आरोप है कि शाम के समय कलावती जब घर पर अकेली बैठी थी, तभी संगीता अचानक घर में घुस आई और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर उसने कलावती के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।शोर सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देख आरोपी बहन फरार हो गई। घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ऑपरेशन सवेरा पड़ा फीका मादक पदार्थ तस्करों का बोलबाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** डीआईजी के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सवेरा पर पुलिस मादक पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम हो रही है। कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर पुरुषों सहित महिला व बच्चे भी मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के काई गांव में खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। पुलिस के द्वारा ढीला रवैया अपनाने से मादक पदार्थ करो का बोलबा. ला है और मादक पदार्थ तस्करों के हौसले बुलंद हैं। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मादक पदार्थ तस्कर की दबंगई देखने को मिली मादक पदार्थ तस्कर ने खुलेआम एक ग्रामीण को चुनौती देते हुए धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वारदात को लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई भी सफलता नहीं लगी पुलिस का ढीला रवैया होने से नगर एवं क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### जान से मारने की धमकी देने व गाली-गलौज करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जंधेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने दो नामजद समेत चार लोगों पर जान से मारने की धमकी देने व गाली-गलौच करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। क्षेत्र के गांव जंधेड़ी निवासी देवीचंद ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उसके गांव में एक गौशाला है, जिसमें गोवंश मृत पाया गया था। मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। आरोप है कि विगत 27 नवंबर को देर शाम करीब आठ बजे चार लोग धारदार हथियारों से लैस होकर उसके मकान पर पहुंचे तथा उसके साथ में गाली-गलौच करते हुए धमकी दी। कहा कि तुमने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रखा है। उसमें फैसला कर ले वरना तेरे टुकड़े करके लाश का भी पता नही देंगे। आरोपियों से उसे जान का खतरा बना हुआ है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### शराब बेचता विकलांग व्यक्ति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कैल शिकारपुर रोड पर एक बंद पड़ी दुकान से देसी शराब बेच रहे एक विकलांग व्यक्ति को 21 पव्वों सहित गिरफ्तार कर आबकारी अधि. नियम के तहत जेल भेज दिया। थाना भवन क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ़ नहर पुल के पास कैल शिकारपुर रोड पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक विकलांग व्यक्ति को देसी शराब की अवैध बिक्री करते पकड़ा। उप निरीक्षक योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि कैल शिकारपुर रोड पर एक बंद पड़ी दुकान में एक व्यक्ति अवैध रूप से देसी शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपित को पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से प्लास्टिक के थेले में छिपाकर रखे 21 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तेजपाल पुत्र इंदर निवासी मस्तगढ़ बताया। पुलिस ने तेजपाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक योगेश कुमार शर्मा हेड कांस्टेबल कमल कुमार कांस्टेबल विकास मलिक शामिल रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन नगर में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना हनारी शक्ति मिशन 5 के अंतर्गत महिलाओं के सम्मान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश, क्षेत्राधिकारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम में शामिल उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, लोकेश कुमार हेड कांस्टेबल विनीता देवी ने नगर के मुख्य बाजार, तिराहों, चौराहों व गलियों में भ्रमण कर महिलाओं, बच्चियों एवं छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, साइबर क्राइम या उत्पीड़न की स्थिति में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या निकटतम थाने से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं।इस मौके पर टीम ने कहा कि पुलिस विभाग हर समय महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए तत्पर है और मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, आत्मविश्वासी और सुरक्षित बनाना है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने के प्रयास के गंभीर आरोप लगाते हुए थाना कैराना कोतवाली में में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरेर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 10 मई वर्ष 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से नीरज पुत्र सत्यपाल निवासी पेपर मिल रोड, टेगोर गार्डन, सहारनपुर के साथ हुई थी।

तहरीर में कहा गया है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उस पर दबाव बना रहे थे और आए दिन मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि विवाहिता को उसके पति, ससुर, जेठ, जेठानी, ननद व अन्य परिजन मिलकर पांच लाख रूपए के अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर परेशान करते रहे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की कोशिश भी की गई।

पीड़िता ने बताया कि गत 1 जून 2025 को ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग करते हुए उसे घर से मारपीट कर निकाल दिया। विवा. हता का कहना है कि कई बार समझौते की कोशिश की गई, पंचायतें भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष किसी समाधान को तैयार नहीं हुआ। जब वह अपने सामान लेने ससुराल पहुंची तो घर पर ताला लगा मिला। इस संबंध में पीड़िता ने पहले पुलिस चौकी पेपर मिल,थाने के साथ- साथ महिला थाना और एसएसपी कार्यालय में भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब पीड़िता ने थाना कैराना में तहरेर देकर पति सहित ससुराल पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए ससुराल पक्ष के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने कहा कि वह ससुराल जाने को तैयार है, लेकिन लगातार प्रताड़ना और जान का खतरा होने के कारण न्याय चाहती है।

### आधा दर्जन वारंटी व जुआरी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग पर एक मैरिज होम के निकट जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। दूसरी और पुलिस ने तीन वारंटी भी गिरफ्तार किए हैं।

शनिवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि कैराना मार्ग एक मैरिज होम के निकट जुआरी,जुआ खेल रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने, कस्बा निवासी याकूब, अरशद एवं अब्दुल कादिर को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से हजारों की नगदी व ताश के पत्ते बरामद हुए। दूसरी और पुलिस के द्वारा विशेष अभियान में पुलिस ने वारंटी नई बस्ती निवासी इस्लाम, गढ़ी दौलत निवासी दाऊद व गांव गढ़ी श्याम निवासी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड भारसी मोड़ के निकट थार गाड़ी चालक ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया है। रविवार को कैराना निवासी इंतजार एवं उम्रदराज अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बागपत जनपद के कस्बा बडौत जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ पर पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे थार गाड़ी चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।







# कोहली का 52वां शतक

## भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 349 का विशाल स्कोर बनाया

**रांची, वार्ता।** विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

विराट ने 120 गेंदों पर 11 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 135 रन की जबर्दस्त पारी खेली जो उनका 52वां एकदिवसीय शतक था। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। रोहित ने 51 गेंदों पर 57 रन में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाए। इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर वनडे में नए सिक्सर किग बन गए। कार्यवाहक कप्तान राहुल ने 56 गें. दों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को चौथे ओवर में यशस्वी जायसवाल (18) के रूप में पहला झटका लगा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार किया। इस दौरान 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर कोहली ने छक्का लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। कॉर्बिन बॉश की अगली गेंद पर उन्होंने एक और छक्का जड़ दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। रोहित अर्द्धशतक पूरा करने के बाद 22वें ओवर में टीम के 161 के स्कोर पर आउट हुए। भारत का तीसरा विकेट ऋतुराज गायकवाड़ (आठ) के रूप में गिरा। वॉशिगटन सुंदर 13 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को ऑटनील बार्टमैन ने आउट किया। 38वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर अपना 52वां शतक पूरा करने के बाद विराट और अधिक आक्रामक हो गए। कोहली ने102 गेंदों में सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। प्रीनेलान सुब्राएन के पारी 39वें ओवर में विराट ने दो छक्के और दो चौके और लगाते हुए 21 रन ठोक डाले। 43वें ओवर में नांद्रे बर्गर की गेंद पर रायन रिकलटन ने विराट कोहली का कैच पकड़ा। विराट कोहली ने 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली। भारत छठा विकेट 49वें ओवर में कप्तान केएल राहुल के रूप में गिरा। केएल राहुल ने 56 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। आखिरी ओवर में रवींद्र जडेजा 20 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने दो चौके और एक छक्का लगाया।

# रोहित शर्मा ने वनडे में सबसे ज्यादा छक्के मारने का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**रांची, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आज झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीन छक्के लगाकर वनडे में सबसे ज्यादा छक्का लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रोहित शर्मा ने अब 277 वनडे मैचों में 352 छक्के जड़कर छक्का लगाने का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के नाम यह रिकॉर्ड था जिन्होंने 398 एक दिवसीय मैच खेलकर 351 छक्के मारे थे। वर्तमान में रोहित के नाम 503 मैचों में कुल 19,959 रन हैं और अब वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन से केवल 61 रन दूर हैं। इससे पहले केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ही 20 हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब रोहित ने 56 मैचों में 61 छक्के जड़े हैं, जबकि दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है जिन्होंने 64 छक्के मारे हैं। अगर रोहित अगले मैच में चार छक्के जड़ते हैं, तो वे इस मामले में भी नंबर एक स्थान प्राप्त कर लेंगे। रोहित ने घरेलू मैदानों पर अब तक 95 वनडे मैचों में 4924 रन बनाए हैं। अगर वे अगले वन डे मैच में 76 रन बनाते हैं घरेलू मैदानों पर वनडे मैचों में 5 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर



है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे में खेलते है। उनके नाम तीनों प्रारुपों में कुल 645 छक्कों का विश्व रिकार्ड है। उन्होंने 67 टेस्ट में 88 छक्के, 277 वनडे में 352 छक्के और 159 टी-20 में 205 छक्के मारे है। रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले वनडे मैच में रोहित शर्मा ने 51 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेलकर खेल प्रेमियों का दिल जीता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 33 प्लस नौजवानों ने 50 प्लस की पारियां खेलीं

**रांची, वार्ता।** वनडे इतिहास में यह सिर्फ नौवीं बार है, जब किसी पुरूष वनडे में तीन 33 प्लस उम्र के बल्लेबाज़ों ने 50 प्लस की पारियां खेली हैं- रोी. हत शर्मा (38), विराट कोहली (37) और केएल राहुल (33)। विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए ऐसा सिर्फ एक बार और हुआ है, जब 2007 के वड़ोदरा वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ सौरव गांगुली (34), राहुल द्रविड़ (34) और सचिन तेंदुल. कर (33) ने 50 प्लस की पारियां खेली थीं।

### ओमान पर जीत के साथ भारत क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाने के और करीब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने शनिवार को चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17', 26', 36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए। अनमोल (29') और शारदा (55') ने बाकी दो गोल किए।

# केकेआर के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने आंद्रे रसेल को शुभकामनाएं दीं


● **रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया**

**कोलकाता, वार्ता।** कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने रविवार को वेस्ट इंडीज के महान खिलाड़ी और टी-20 के बड़े खिलाड़ी आंद्रे रसेल को आईपीएल से रिटायरमेंट पर शुभकामनाएं दीं।

रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया। बॉलीवुड स्टार ने रसेल के आईपीएल से रिटायरमेंट पर कहा कि शानदार यादों के लिए धन्यवाद, आंद्रे। हमारे यो(।!!! केकेराइडर्स में आपका योगदान यादगार है। और एक खिलाड़ी के तौर पर आपके शानदार सफर का एक और चैप्टर शुरू हो रहा है। शाहरुख खान ने कहा कि पावर कोच हमारे बैंगनी और सुनहरे रंग के लड़कों को ज्ञान, ताकत और बेशक ताकत देते हुए और हां, कोई भी दूसरी जर्सी तुम पर अजीब लगेगी मेरे दोस्त ज़िंदगी भर मसल रसेल! लव यू टीम और खेल से प्यार करने वाले सभी लोगों की तरफ से!!ष सैंतीस साल के आंद्रे रसेल ने रविवार को कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग से रिटायरमेंट की घोषणा करके सभी को चौंका दिया।

हेलो केकेआर फैंस। मैं आज यहां आपको यह बताने आया हूं कि मैंने आईपीएल से रिटायर होने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की अलग-अलग लीगों और बाकी सभी केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए एक्टिव रहूंगा।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल करियर को अलविदा कहा



**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक हैरान करने वाले फैसले में, आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है। 37 साल के वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर, जिन्हें हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया था, ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ साइन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2026 सीजन के लिए केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में उनके पावर कोचष के तौर पर शामिल होंगे। एक रिलीज में रसेल के हवाले से कहा गया कि मेरे पास (आईपीएल में) कुछ शानदार समय और शानदार यादें थीं, छक्के मारना, गेम जीतना, एमवीपी हासिल करना। जब मैंने यह फैसला किया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं गायब नहीं होना चाहता, मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं। जब फैन पूछें कि क्यों? तुममें अभी भी कुछ और बाकी है, तब रिटायर होना सबसे अच्छा है। हां, तुम्हें यह सालों पहले कर लेना चाहिए था के बजाय तुम अभी भी थोड़ा और खेल सकते थे। लीग में रसेल की साख जबरदस्त है। 12 सीजन के आईपीएल करियर में, उन्होंने 140 मैच खेले, जिसमें 174.18 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए और 9.51 की इकॉनमी से 123 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 5 विकेट उनका बेस्ट बॉलिग फिगर रहा। रसेल ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में डेब्यू किया, जिसके बाद 2014 की नीलामी में केकेआर ने उन्हें साइन किया। उन्होंने अपने 133 आईपीएल मैच पर्पल और गोल्ड रंग में खेले, और इस दौरान दो टाइटल (2014 और 2024) जीते। उन्होंने इस दौरान दो बार, 2015 और 2019 में आईपीएल एमवीपी अवॉर्ड जीता। उनकी ज़बरदस्त लोअर-ऑर्डर हिटिंग ने उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे खतरनाक फिनिशर में से एक बना दिया। अपने रिटायरमेंट के समय, उनके पास 223 आईपीएल मैच थे। छक्कों की वजह से वह ऑल-टाइम लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं, उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल, रोी. हत शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी, एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर हैं। हालांकि, हाल के सीजन में इसमें काफी गिरावट देखी गई। आईपीएल 2025 में, उन्होंने बल्ले से सिर्फ 167 रन बनाए और 11.94 की इकॉनमी से आठ विकेट लिए, जिससे उनकी फिटनेस और फॉर्म पर सवाल उठे। इस गिरावट ने शायद केकेआर को उन्हें रिलीज करने के फैसले पर असर डाला, जिससे आने वाली नीलामी के लिए 12 करोड़ रुपये बच गए। रसेल ने कहा कि जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग जर्सी (दूसरी टीमों की) में फोटोशॉप्ड देखते रहते हैं। मुझे खुद को पर्पल और गोल्ड के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगा और ए ख्याल मेरे दिमाग में आते रहे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।

## अफरीदी को पछाड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित

**रांची, वार्ता।** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किग' बन गए है। यहां रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी 57 रनों की पारी में तीसरा छक्का मारते ही अफरीदी का वनडे में 351 छक्कों का रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रो. हित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा।

# चयनकर्ता प्रमुख अगरकर घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात

● **अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों पर अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर 26 नवम्बर से घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से घरेलू टेस्ट हार से अभी भी जूझ रहा है।

सेलेक्टर्स के चेयरमैन, जिनकी अक्सर घरेलू सर्किट से ज्यादा इंटरनेशनल गेम को प्राथमिकता देने के लिए आला. ेचना की जाती है, नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के ग्रुप डी मैचों की देखरेख कर रहे हैं जो अभी कई शहरों में फैले हुए हैं।

अगरकर की अगुवाई वाला पैनल घरेलू क्रिकेट से दूर रहने, खासकर व्हाइट-बॉल रिटर्न के आधार पर टेस्ट खिलाड़ियों को चुनने और स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों के बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए जांच के दायरे में है। साई सुदर्शन और नीतीश रेड्डी के चयन ने ध्यान खींचा है, जबकि सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर को बाहर रखने पर बहस जारी है। हालांकि चयन पांच सदस्यों वाली कमेटी का सामूहिक फैसला है, लेकिन अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों और इंटरनेशनल मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है। यह साफ नहीं है कि टेस्ट हार के बाद उनका मौजूदा घरेलू कार्यकाल बीसीसीआई के किसी निर्देश से जुड़ा है या नहीं, लेकिन अगरकर को पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देखा गया है। दूसरे चयनकर्ताओं में, प्रज्ञान ओझा रविवार (30 नवम्बर) से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जबकि एसएस दास (कोलकाता), आरपी सिंह (लखनऊ) और अजय रात्रा (हैदराबाद) सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी ड्यूटी पर हैं। टेस्ट सीरीज में हार के बाद रेड-बॉल क्रिकेट को लेकर भी बड़ी चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस फॉर्मेट से हटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से दोबारा सोचने के लिए कहा जा सकता है।

## अलेंदे ने इंटर मियामी को एमएलएस कप के फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिगटन, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्ट्राइकर तादेओ अलेंदे की हैट्रिक की मदद से इंटर मियामी शनिवार को न्यूयॉर्क सिटी को 5-1 से हराकर अपने पहले एमएलएस कप फाइनल में पहुंच गया। अलेंदे ने गोलकीपर मैट फ्रीज़ को उनके नजदीकी पोस्ट पर छकाते हुए दाहिने पैर से एक दमदार ड्राइव मारकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में अपनी टीम को आगे कर दिया।

अलेंदे ने नौ मिनट बाद फिर से गोल किया, जोर्डी अल्बा के तिरछे क्रॉस के बाद एक लूपिग हेडर को दूर कोने में भेजा। विज़िटर्स ने जस्टिन हाक के ज़रिए एक गोल वापस किया, जिन्होंने मैक्सी मोरालेज के क्रॉस पर रोक्को रियोस नोवो के पास एक बुलेट हेडर से गोल किया।

# रूट का बल्ले से मजबूत जवाब देने का वादा



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाज जो रूट ने एशेज की खराब शुरुआत के बावजूद ऑस्ट्रेलिया में सफल होने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पर्थ ओपनर में 0 और 8 रन बनाने के बाद भी, इस दौरे पर उन्हें एक बिल्कुल अलग खिलाड़ी जैसा महसूस हो रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया में रूट का रिकॉर्ड उनके शानदार टेस्ट करियर पर एक दाग है और ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं। वह इस फॉर्मेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (13,551) हैं, जो सिर्फ भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुल. कर (15,921) से पीछे हैं। रूट, जो अब टेस्ट क्रिकेट में 13,551 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं और ऑस्ट्रेलिया में 15 टेस्ट मैचों में उनका औसत 33.33 है, जो उनके कुल टेस्ट औसत 50.94 से काफी कम है। पर्थ में दो दिन के अंदर इंग्लैंड को भारी हार मिली, जिससे टॉप ऑर्डर की ऑस्ट्रेलियाई हालात का सामना करने की काबिलियत को लेकर नई चिताएं पैदा हो गईं। रविवार को यहां रिपोर्टर्स से बात करते हुए, रूट ने कहा कि दूसरी इनिंग्स में अपने अप्रोच से वह उत्साहित थे, भले ही मिचेल स्टार्क की गेंद पर एक बड़ा कवर ड्राइव लगाने की कोशिश में वह गिर गए थे। रूट ने कहा कि उन्हें लगा कि दूसरी इनिंग्स में उनका टेम्पो बहुत अच्छा था।

# इशान का नाबाद शतक, झारखंड ने त्रिपुरा को हराया



**अहमदाबाद, वार्ता।** कप्तान इशान किशन (नाबाद 113) की शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में त्रिपुरा को 15 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड ने 17. 3 ओवर मे दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। झारखंड की शुरुआत अच्छी रही और उसने अपना पहला विकेट छह रन के स्कोर पर और दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गंवा दिया था। उत्कर्ष सिंह (पांच) और कुमार कुशाग्र (छह) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान इशान किशन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। इशान किशन ने 50 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 113 रनों की पारी खेली। विराट सिंह ने 40 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रन बनाए। त्रिपुरा के लिए विकी साहा, सौरभ दास ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। विजय शंकर ने 41 गेंदों में (59), बिक्रमकुमार दास 29 गेंदों में (42) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 21 गेंदों में 42 रनों का योगदान दिया। त्रिपुरा के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। झारखंड के लिए विकास सिंह और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिए। सौरभ शेखर, उत्कर्ष सिंह और बाल कृष्ण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। टूर्नामेंट के अन्य मैचों में गुजरात ने हरियाणा को चार विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच सौरव चौहान ने 52 गेंदों में नाबाद 81 रनों की पारी खेली। विशाल जायसवाल ने 19 गेंदों मे 23 रन बनाए। गुजरात ने छह विकेट पर 143 रन बना कर यह मुकाबला जीता। हरियाणा के लिए अंशुल कम्बोज और सुमित कुमार ने दो-दो विकेट लिए। अमित राणा और अनुज ठकराल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। हरियाणा के लिए यशवर्धन दलाल ने सर्वाधिक (51), सामंत जाखड़ (28) और निशांत सिधु ने 19 रनों का योगदान दिया। गुजरात के लिए अरजान नागवासवाला और हर्षल पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए। हेमांग पटेल को दो विकेट मिले। विशाल जायसवाल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। रेलवे ने कप्तान कर्ण शर्मा (दो विकेट / नाबाद 24 रन) के मैन ऑफ द मैच के शानदार प्रदर्शन के दम पर असम को दो गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हराया।

# 32 गेंदों में शतक, अभिषेक का तबाड़तोड़ शतक

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक शर्मा (148/ एक विकेट) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद हरप्रीत बरार (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को 112 रनों से करारी शिकस्त दी। अभिषेक शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोघ विस्फोटक पारी खेली जिसकी बदौलत पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 311 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 66 गेंदों में (नाबाद 130) रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 198 रन का स्कोर ही बना सकी और उसे 112 रनों से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अभिमन्यु ईश्वरन का बंगाल के लिए यह सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड है उन्होंने रि( मान साहा (129 रनों) के रिकार्ड को तोड़ा। इसके अलावा उन्होंने एक मैच में बंगाल के लिए सर्वाधिक आठ छक्के लगाने का भी रिकार्ड कायम किया। आकाश दीप ने सात गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए 31 रन बनाए। बंगाल के शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 23 रन देकर चार विकेट लिए। गुरनूर बरार और नेहाल वढेरा को दो-दो विकेट मिले। अभिषेक शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब के लिए अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन



करते हुए मात्र 12-3 ओवर में रिकार्ड 205 रन ठोक डाले। यह टी-20 में पंजाब के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। प्रदीप्त प्रमाणिक ने प्रभसिमरन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रभसिमरन ने 35 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए 70 रन बनाए। अनमोलप्रीत सिंह छह गेंदों में (11), रमनदीप सिंह 15 गेंदों में (39), सनवीर सिंह नौ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोड़ विस्फोटक पारी खेली। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है और उन्होंने शुभमन गिल के 126 रनों के रिकार्ड को तोड़ा है।

# सम्पादकीय

सोमवार, 1 दिसम्बर 2025

## सिर्फ औपचारिकता

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार (आज) से शुरू हो रहा है। जैसाकि एक परंपरा बन गई है, कोई भी सत्र शुरू होने से पूर्व सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाती है। इसके पीछे उसका मकसद होता है कि जो भी विपक्ष के साथ उसके मतभेद हैं, उनको बैठकर पहले ही हल कर लिया जाए, जिससे संसद की कार्रवाई सुचारू रूप से चल सके। रविवार को भी सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। जैसाकि होता है संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजि. जू ने बैठक के बाद कहा भी कि सभी दलों के साथ बैठक अच्छी रही, उपयोगी रही और सबसे बड़ी बात सौहार्दपूर्ण रही, जिसमें विपक्ष के सभी नेताओं ने अपनी बात रखी। इसके लिए रिजिजू ने सभी का आभार भी व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक को एक औपचारिकता बताया और उसके नेता जयराम रमेश ने कह भी दिया कि सरकार को अपनी आदत के अनुसार मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। जाहिर है शीतकालीन सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब पूरे देश में एसआईआर का मुद्दा गर्माया हुआ है। विपक्ष पहले से ही इस पर सरकार को घेरता रहा है और अभी भी घेरने का इरादा जता रहा है। कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा, दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और उनकी नजर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण एक गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। अब देखना होगा कि जब सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, उसका नजारा कैसा होगा। जहां तक बात सर्वदलीय बैठक की है यह तो हर बैठक में होता है। सत्ता पक्ष व विपक्ष संसद को चलने देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किस तरह का वातावरण रहता है इससे हम अच्छी तरह वाकिफ हैं, तमाम समय नारेबाजी और शोर शराबे में ही बीत जाता है। अब की बार यूं भी यह सत्र बेहद छोटे होने जा रहा है। सरकार ने केवल 19 दिनों के लिए ही इसे बुलाया है और इसमें सिर्फ 15 दिन चर्चा होनी है। शायद यह सबसे छोटा सत्र होगा। इतना छोटा सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता होगी, जबकि देश के सामने इस समय कई बड़े और गंभीर मुद्दे मौजूद हैं और उन पर बेबाकी से देश चर्चा होते देखना चाहता है, लेकिन जिस तरह का अब तक का अनुभव रहा है, उससे कोई बहुत ज्यादा उम्मीद जगती दिखाई नहीं देती। सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जिस तरह तनाव की खाई बढ़ती जा रही है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अवसरवादिता पूरी तरह हावी हो चली है। विचारों की लड़ाई कहीं पीछे रह गई है। इसकी जगह आपसी रंजिश ने ले ली है।

### सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति



शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता रही, सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं, कल से शरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति है, यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा, मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, इनमें से एक अध्यादेश का स्थान लेता है और दो लोकसभा की एक समिति के पास है, जो विधेयक पेश किए जाने हैं, उनमें दस विधेयकों की संबंधित स्थायी समिति द्वारा जांच नहीं की गई है।

**–जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी






**योगेश कुमार गोयल**

न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी ग्रिड नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिए होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति एड्स कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिए 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिए बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशत: लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच।आई।वी। परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे। वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपक. ाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है। एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## डांसिंग भालू: शोषण से संरक्षण तक की यात्रा

**भारतीय संदर्भ में यह उपलब्धि दिखाती है कि जब नागरिक समाज, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो अवैध शिकार, वन्यजीव तस्करी और मानवीय शोषण जैसी जटिल समस्याओं के भी स्थाई समाधान संभव हैं। फॉरेस्ट वॉच जैसी एंटी पोचिंग इकाइयां यह स्पष्ट करती हैं कि केवल भालू नचाने की प्रथा खत्म कर देना काफी नहीं, अवैध शिकार की अर्थव्यवस्था पर लगातार निगरानी और कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है। डांसिंग भालू प्रथा का अंत एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, पर इसे सफलता की अंतिम रेखा नहीं, बल्कि एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए जिसे अन्य वन्यजीवों और समुदायों पर भी लागू किया जा सकता है।**



**विनीत नारायण**

स्लॉथ भालुओं का लंबे समय तक चला डांसिंग भालू शोषण मॉडल आज लगभग समाप्त हो चुका है और इसके केंद्र में एक संगठित, मानवीय व वैज्ञानिक दृष्टि से समर्थ संरक्षण आंदोलन खड़ा है। यह बदलाव केवल एक प्रजाति को बचाने की कहानी नहीं, बल्कि कानून, करुणा और समुदाय-आधारित पुनर्वास के अनोखे संतुलन का उदाहरण भी है। सदियों तक स्लॉथ भालुओं को सड़कों पर नचाने, करतब दिखाने और मनोरंजन का साधन बनाने की परंपरा जारी रही, जिसे कलंदर समुदाय की रोजी-रोटी का आधार माना गया। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत यह प्रथा दंडनीय अपराध है, फिर भी सामाजिक आर्थिक निर्भरता और ढीले अमल के कारण यह व्यापार दशकों बाद तक जारी रहा। ऐसे माहौल में वाइल्डलाइफ एसओएस जैसी संस्था का हस्तक्षेप केवल रेस्क्यू ऑपरेशन भर नहीं था, बल्कि इसने राज्य, कानून और हाशिए पर खड़े समुदाय के बीच एक संवाद की नई भाषा गढ़ी। आगरा, बैंगलुरु, भोपाल और पुरुलिया में भालू संरक्षण केंद्रों की स्थापना ने दिखाया कि पशुध्कल्याण तभी टिकाऊ है जब उसके साथ मानवीय पुनर्वास की समांतर संरचना खड़ी की जाए। डांसिंग भालू प्रथा को समाप्त करने की सबसे बड़ी नैतिक चुनौती यह थी कि कलंदर समुदाय की आजीविका उसी शोषण पर टिकी थी, जिसे कानून रोकना चाहता था।

केवल दमनकारी कार्रवाई से भालू तो शायद छिटपुट रूप से बचाए जा सकते थे, पर समुदाय और कानून दोनों के बीच अविश्वास और बढ़ता। यहां वाइल्डलाइफ एसओएस का मॉडल उल्लेखनीय है, जिसने कलंदरों के लिए वैकल्पिक रोजगार, कौशलध्विकास, सीड फंडिंग और विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया। लगभग 5,000 से अधिक कलंदर परिवारों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर वन्यजीव शोषण से अलग आजीविका की ओर मोड़ना सामाजिक न्याय और संरक्षण को एक साथ आगे बढ़ाने का उदाहरण है। डांसिंग भालू व्यापार के खात्मे के साथ-साथ सवाल यह भी था कि बचाए गए सैकड़ों भालुओं की जीवनभर देखभाल कैसे हो। इन भालुओं पर वर्षों के शारीरिक-मानसिक अत्याचार, दांत तोड़ने से लेकर नाक में छेद कर रस्सी डालने जैसी क्रूर प्रथाओं के गहरे घाव रहे हैं, जिनसे वे जंगली जीवन में लौट ही नहीं सकते। आगरा भालू संरक्षण केंद्र सहित देश भर के रेस्क्यू फैसिलिटीज में 90 दिन का क्वारंटाइन, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन, दंत उपचार, सर्जरी, थर्मल इमेजिंग, डिजिटल एक्सध्रे और वृद्ध भालुओं के लिए विशेष जेरियाट्रिक केयर जैसे प्रावधान दिखाते हैं कि आधुनिक पशुध्चिकित्सा और एथोलॉजी को गंभीरता से अपनाया गया है। बड़े प्राकृतिक बाड़ों में भोजन खोजने, पेड़ों पर चढ़ने, मिट्टी खोदने और सामाजिक संपर्क जैसे व्यवहारों को प्रोत्साहित करना कैद नहीं, बल्कि पुनर्वास की वैज्ञानिक परिकल्पना को सामने लाता है। भारत में अंतिम डांसिंग भालू अदित का 2009 में बचाया जाना इस कुप्रथा के औपचारिक अंत का प्रतीक है, लेकिन इससे जुड़े नैतिक और नीतिगत प्रश्न यहीं समाप्त नहीं होते। क्या वन्यजीव संरक्षण केवल कानून की भाषा में सीमित रह सकता है, या उसे सामाजिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और शिक्षा की नीतियों के साथ जोड़कर देखना अनिवार्य है? कलंदर समुदाय में बाल विवाह पर रोक, महिलाओं के लिए सिलाईध्शिल्प केंद्र और बच्चों के लिए ट्यूशन सेंटरों से जुड़े प्रयास दिखाते हैं कि जब संरक्षण नीति समुदाय केंद्रित होती है, तब वह समानांतर रूप से मानवाधिकार, शिक्षा और लैंगिक न्याय के एजेंडा को भी आगे बढ़ा सकती है। 17,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा सहायता और 4,000 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाना वन्यजीव नीति को सिर्फ जानवरों की नीति मानने की संकीर्ण दृष्टि को चुनौती देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## यह है देश में चल रही स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन की सच्चाई





**तनवीर जाफरी**

गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्राय: शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूंकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिए शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर-जयनगर स्पेशल ट्रेन यानी 04652, इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5:30 बजे था अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5:30 बजे दरभंगा पहुंचने के बजाए तीसरे दिन सुबह लगभग 8:30 बजे पहुंची। यानी यह स्पेशल ट्रेन 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहां दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रूपए है वहीं इस तथाकथित स्पेशल ट्रेन के नाम पर यात्रियों से किराया भी करीब 2000 रुपये वसूल किए गए।

इसी तरह वापसी के लिए भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रात: 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुंचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1:30 बजे दोपहर अर्थात करीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुंच सकी। इसका भी एसी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रुपये था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से श्स्पेशल ट्रेनश के नाम पर ठगे गए फालतू किराए भर से ही मतलब है।

इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानक. ारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था, परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिए रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है।अब चूंकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रूपी ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिए इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। हां यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गई अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफी पानी फेर देती है। जब स्पेशल या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। खासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुंचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।

सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति खासकर 5 किलो मुफ्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हजार रूपये लेकर वोट डालने वाली महिलाएं तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं। सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोगन करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाए हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुए हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,जहर खुरानी,अवैध यात्री, रिश्वत खोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाकायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने, जहर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणाएं बार बार की जाती हैं परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है, बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताजातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुंच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ्त राशन व नकद पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या लाभार्थी मतदाताओं से तो आखिर कम ही है? जो भी हो परन्तु कुल मिलाकर यही है देश में चल रही श्स्पेशल रेल गाड़ियों के संच. ालन की सच्चाई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो आतंकवादी मारे गए

**सना।** यमन में मारिब प्रांत के पूर्व में अल वादी जिले के अल-हुसून इलाके में शनिवार को एक अमरीकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो कथित आतंकवादी मारे गए। एक स्थानीय सरकारी सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि दोनों युवक अल-वादी ज़िले के थे, लेकिन उन्होंने अपने नाम नहीं बताए। यह हमला यमन में चल रहे आतंकवाद निरोध अभियान के बीच हुआ, जहां अमरीकी ड्रोन ने समय-समय पर उन लोगों को निशाना बनाया है जिनके बारे में माना जाता है कि वे अल-कायदा समेत आतंकवादी समूह से जुड़े हैं।

### वेनेजुएला ने अमेरिकी धमकी की निंदा की

**काराकास।** वेनेजुएला ने शनिवार को अमेरिका के उसके हवाईक्षेत्र को बंद करने की धमकी को देश के लोगों के खिलाफ एक और फालतू, गैर-कानूनी और गलत हमला बताते हुए इसकी निंदा की है। एक आधिकारिक बयान में काराकस ने वेनेजुएला पर अलौकिक क्षेत्राधिकार लागू करने की अमेरिका की कोशिश को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इससे उसके देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरा है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को पहले कहा था कि वेनेजुएला के ऊपर और आसपास के हवाईक्षेत्र को 'पूरी तरह से' बंद माना जाना चाहिए।

### मध्य मेक्सिको में गोलीबारी में छह की मौत, 10 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन प्रसारक 'फॉर्मूला' ने यह जानकारी दी है। प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गई।

### इराक में गोलीबारी में एक सैनिक की मौत

**बगदाद।** दक्षिणी इराक के मायसन प्रांत में शनिवार को हुई गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि यह घटना अल-कहला इलाके में सुरक्षा बनाए रखने और वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई एक जांच चौकी पर आकस्मिक जांच के दौरान हुई। मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों को ले जा रहा एक पिकअप ट्रक जांच चौकी पर रुका नहीं और उसने अचानक अपना रास्ता बदल लिया। जब सुरक्षा बलों ने गाड़ी का पीछा किया तो संदिग्धों ने सैनिकों पर गोलियां चला दीं।

# भारत-रूस में सैन्य रिश्ते होंगे और मजबूत

## राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस मंजूर करेगा एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौता



■ पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा से पहले रूसी संसद का निचला सदन भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते पर मुहर लगाने वाला है।

पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए 18 फरवरी, 2025 को रेसिप्रोकल एक्सचेंज आफ लाजिस्टिक एग्रीमेंट यानी रसद पारस्परिक आदान-प्रदान समझौता हुआ था। भारत की तरफ से इस पर मास्को में भारतीय राजदूत विनय कुमार व रूस की ओर से तत्कालीन उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने हस्ताक्षर किए थे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, संसद के निचले सदन स्टेट डयूमा ने रूसी सरकार के नोट के साथ आरईएलओएस को अपने अनुमोदन वाले डाटाबेस में अपलोड किया है। साथ ही कहा है कि रूसी सरकार का मानना है कि दस्तावेज के अनुमोदन से सैन्य क्षेत्र में रूस और भारत के बीच सहयोग मजबूत होगा। इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य कार्यों के लिए समन्वय को सुव्यवस्थित करना है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण क्षेत्र की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा, जिसमें राजनीति से लेकर विज्ञान और मानवीय सहयोग तक शामिल हैं। पुतिन और पीएम मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दे भी प्रमुखता से शामिल होंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य पारित किए जाने और विभिन्न अंतर्विभागीय एवं व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन के बीच होने वाली बातचीत में भारत का प्रयास रूस में निर्यात के लिए नया अवसर तलाशने पर होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में भारत का रूस से आयात बहुत ज्यादा है, हालांकि इसकी तुलना में निर्यात आयात के महज दस फीसदी ही है। भारत इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए रूस में निर्यात के लिए नए क्षेत्रों का चयन कर अपने सामानों की आपूर्ति की संभावना तलाशेगा।



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर मतदाता तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

## अप्रवासियों को पकड़वाओ, अनलिमिटेड फ्री-बीयर पाओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो राज्य के एक फेमस बार 'ओल्ड स्टेट सैलून' ने एक चौंकाने वाला आफर दिया है। बार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर कोई भी व्यक्ति अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) की मदद करके इडाहो में मौजूद किसी अवैध अप्रवासी (इमिग्रेंट) की पहचान करवाए और उसे अमेरिका से डिपोर्ट करवाने में सफल रहे, तो उसे पूरे एक महीने तक बार में अनलिमिटेड फ्री बीयर मिलेगी। कई यूजर्स ने इसे गेम जैसा बताया। वहीं, कुछ ने विनर घोषित करने और लीडर बोर्ड बनाने की सलाह दी। कुछ यूजर्स ने तो जिंदगीभर फ्री बीयर देने की मांग तक कर दी।

# नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील

## भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, इजरायल के प्रधानमंत्री, नेतन्याहू पर केस को राजनीतिक साजिश बता चुके ट्रम्प



■ नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है
■ बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ धोखाधड़ी भरोसे का उल्लंघन रिश्वत लेना शामिल हैं

**येरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति से आधिकारिक रूप से माफी मांगी है। यह कदम इजरायल की राजनी. ति में बड़ा और असाधारण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है।

वहीं राष्ट्रपति कार्यालय ने इस आवे. दन को 'असाधारण और दूरगामी असर वाला कदम' बताया है। बेंजमिन नेतन्याहू इजरायल के इतिहास में पहले ऐसे मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर भ्रष्टाचार का मुक. दमा चल रहा है। उनके खिलाफ तीन बड़े मामलों में आरोप दर्ज हैं। इसमें धोखाधड़ी, भरोसे का उल्लंघन, रिश्वत लेना शामिल हैं। इन मामलों में आरोप है कि नेतन्याहू ने अमीर व्यापारियों और राजनीतिक समर्थकों से उपहार और फायदे लिए और बदले में उन्हें लाभ पहुंचाया। हालांकि, अब तक किसी भी मामले में उनकी दोष सिद्धि नहीं हुई है। वह लगातार सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इजरायल के नागरिकों। मेरे खिलाफ जांच शुरू हुए लगभग दस साल हो गए हैं। इन मामलों में ट्रायल लगभग छह साल से चल रहा है और उम्मीद है कि यह कई और वर्षों तक चलेगा। जैसे-जैसे कोर्ट में मेरे खिलाफ झूठी दलीलों को पूरी तरह से गलत साबित करने वाले बयान और सबूत सामने आ रहे हैं, और जैसे-जैसे यह साफ हो रहा है कि मेरे खिलाफ सबूतों का ढांचा गंभीर अपराध करते हुए बनाया गया था, मेरा निजी हित रहा है और रहेगा कि इस प्रोसेस को आखिर तक जारी रखा जाए जब तक कि मैं सभी आरोपों से पूरी तरह बरी न हो जाऊं। लेकिन सुरक्षा और राजनीतिक हकीकत, देश के हित, कुछ और ही चाहते हैं। इजरायल देश बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और उनके साथ-साथ खतरों को दूर करने के बहुत सारे मौके भी हैं।

इन मौकों को पाने के लिए देश की एकता जरूरी है। ट्रायल का जारी रहना हमें अंदर से तोड़ रहा है। फूट डालने की यह कोशिश फूट को और बढ़ाती है। मुझे यकीन है, देश के कई और लोगों की तरह, कि ट्रायल का तुरंत खत्म होना आग को कम करने और उस बड़े मेल-मिलाप को बढ़ावा देने में बहुत मदद करेगा जिसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है। मैंने इस मामले पर लंबे समय से बहस की है, लेकिन हाल ही में जो हुआ है, उसने केस की सुनवाई कर रहे जजों के पैनल के फैसले की वजह से तराजू को झुका दिया है। मुझे हफ्ते में तीन बार गवाही देनी है। यह एक नामुमकिन मांग है जो इजरायल में किसी दूसरे नागरिक से नहीं की जाती। मैंने राष्ट्रपति ट्रम्प की हमारे राष्ट्रपति से बार-बार की गई अपील भी देखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रायल को तुरंत खत्म करने की मांग की है ताकि मैं, उनके साथ मिलकर, इजरायल और अमेरिका के जरूरी हितों को ऐसे समय में और जोरदार तरीके से बढ़ावा दे सकूं जिसके वापस आने की उम्मीद कम है। इजरायल के प्यारे नागरिकों, बार-बार डेमोक्रेटिक चुनावों में मुझे चुना गया है और इजरायल के प्राइम मिनिस्टर के तौर पर सेवा करते रहने के लिए आपका भरोसा मिला है। सबसे पहले और सबसे जरूरी इन ऐतिहा. सिक लक्ष्यों को पूरा करना है। इन्हीं वजहों से, वकीलों ने आज राष्ट्रपति से दया की याचना की है। मुझे उम्मीद है कि देश के भले के लिए सोचने वाला हर कोई इस कदम का समर्थन करेगा। बेंजमिन नेतन्याहू का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश में उनके खिलाफ चल रही सुनवाई समाज को राजनीतिक रूप से दो हिस्सों में बांट चुकी है। इसके अलावा, कुछ हफ्ते पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजरायल सरकार को नेतन्याहू को माफी देने की सलाह दी थी।

### नेतन्याहू खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज

**येरुशलम।** नेतन्याहू के खिलाफ यह मुकदमा मई 2020 में शुरू हुआ था। उन पर इजरायल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है।

**1 केस 1000 (गिफ्ट केस):**

नेतन्याहू पर हालीवुड प्रोडयूसर अर्नोन मिलचन और आस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप हैं। इनमें 2 लाख डॉलर की कीमत के सिगार, शैम्पेन, ज्वेलरी आदि शामिल हैं। आरोप है कि इसके बदले नेतन्याहू ने उन्हें राजनीतिक लाभ दिया।

**2 केस 1000 (मीडिया डील केस):**

नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने येडियोट अहरोनोत अखबार के पब्लिशर से अपने लिए पाजिटिव कवरेज की डील की। इसके बदले उन्होंने प्रतिद्वंदी अखबार इजरायल हायोम को कमजोर करने वाला कानून पास करने की शर्त मंजूर की।

**3 केस 1000 (बीजेक टेलिकॉम केस):**

इस केस में नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने बीजेक नाम की टेलिकाम कंपनी को लाभ पहुंचाया और इसके बदले मालिक शाउल एलोविच के न्यूज पोर्टल वल्ला पर अपने पक्ष में खबरें छपवाईं। नेतन्याहू ने इन सभी आरोपों को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया है। फिलहाल इस मामले में कम से कम 2026 तक फैसला आने की उम्मीद नहीं है।

### अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में भी नेतन्याहू पर मुकदमा दर्ज

**येरुशलम।** घरेलू मुकदमों के अलावा हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने नेतन्याहू पर युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आरोप है कि उन्होंने गाजा में आम नागरिकों को निशाना बनाया और भूख को एक रणनीति की तरह इस्तेमाल किया। हालांकि ये केस भ्रष्टाचार मामलों से अलग है, लेकिन इससे नेतन्याहू की छवि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ा है।

### रूस के ऑयल टैंकर 'विराट' और 'कैरोस' पर ड्रोन अटैक

**कीव/मास्का।** रूस के दो आयल शिप (टैंकरों) पर शनिवार को ब्लैक सी में पानी के अंदर चलने वाले ड्रोन (सी बेबी) ने अटैक किया। यूक्रेन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। दोनों शिप रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा माने जाते हैं। यह प्रतिबंधों से बचने के लिए अलग-अलग देशों के झंडे लगाकर रूसी तेल ढोते थे। पहले शिप 'विराट' पर शुक्रवार को धमाका हुआ था। शनिवार को उस पर फिर से हमला हुआ। तुर्की ने बताया कि जहाज को हल्का नुकसान हुआ है, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। जहाज तुर्की तट से लगभग 30 मील दूर था। दूसरे शिप का नाम 'कैरोस' है। हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी।

इसमें मौजूद 25 लोग सुरक्षित निकाल लिए गए। दोनों जहाज गाम्बिया के झंडे लगाए हुए थे, लेकिन यह रूसी आयल ले जा रहे थे। हमले के समय विराट के चालक दल ने ओपन फ्रीक्वेंसी रेडियो पर मेडे काल किया था, जिसमें वे बार-बार बोल रहा था कि यह विराट है। मदद चाहिए! ड्रोन हमला! मेडे, मेडे, मेडे! यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी के मुता. बिक, यह आपरेशन एसबीयू और नौसेना ने मिलकर किया और दोनों जहाजों को इतना नुकसान हुआ है कि वे अब इस्तेमाल लायक नहीं बचे।

# हांगकांग अग्निकांड में मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

## अभी भी 150 लोग लापता, पांचवें दिन भी तलाशी, भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया



■ यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है

**हांगकांग।** हांगकांग में बुधवार को लगी भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया है। सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी इस आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई है। वहीं, अब भी 150 लोगों का कोई पता नहीं है और बचाव दल लगातार तलाश में जुटा हुआ है। यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है।

हांगकांग सरकार के सुरक्षा मंत्री क्रिस टैंग के मुताबिक, आग की शुरुआत इमारत के निचले हिस्से में लगी प्लास्टिक और फोम बोर्ड वाली जालीदार परत से हुई। हवा और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते सातों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज तापमान ने बांस से बनी निर्माण सामग्री और स्कैफोल्डिंग को भी जला दिया, जिससे जलते हुए बांस के टुकड़े गिरकर आसपास की इमारतों में आग फैलाते गए। घटना के बाद बचे हुए लोगों ने गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार कई मंजिलों पर फायर अलार्म नहीं बजे, बाहर निकलने के रास्ते भी बंद थे, इमारतों में पुरानी और खराब आग सुरक्षा व्यवस्था थी। इन इमारतों में कुल 1984 फ्लैट और लगभग 4600 निवासी थे, इसलिए नुकसान काफी बड़ा है। इस हादसे में आग के तेजी से बढ़ने की वजहों की जांच चल रही है। अब तक मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें एक महिला भी शामिल है, जो इमारतों के नवीनीकरण कार्य से जुड़ी थी। वहीं आरोप है कि निर्माण में नियमों के खिलाफ सस्ती और ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

इस घटना के बाद पूरे चीन में चिंता बढ़ गई है। इसी वजह से चीन सरकार ने ऊंची इमारतों, अस्पतालों, आफिसों, माल और सार्वजनिक स्थलों पर तुरंत फायर सेफ्टी जांच का आदेश दिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि निकासी रास्तों, पुरानी वायरिंग और ज्वलनशील निर्माण सामग्री की तुरंत जांच की जाए और खामियों को ठीक किया जाए। इस अग्निकांड में अब तक कुल 146 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 150 लोग लापता बताएं जा रहे हैं। इस हादसे में कुल सात इमारतें प्रभावित हुई हैं, जिनमें करीब 1984 फ्लैट थे।

### बांझपन पर डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक दिशा-निर्देश जारी किए

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बांझपन के निंदान और उपचार के लिए अपने पहले वैश्विक दिशानिर्देशों में देशों से प्रजनन देखभाल को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने का आह्वान किया है। अनुमान है कि औसतन 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में प्रजनन आयु के दौरान कभी न कभी बांझपन से प्रभावित होता है। इससे संबंधित सेवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है लेकिन इसके उपचार तक फिलहाल बहुत ही कम लोगों की पहुंच है। बहुत से देशों में बांझपन की जांच और उपचार का खर्च लोगों को ज्यादातर अपनी जेब से वहन करने से प्रभावित व्यक्ति पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है।

# कैलिफोर्निया में बच्चे की बर्थडे पार्टी में गोलीबारी

■ चार लोगों की मौत, 10 घायल, लोग बोले: हमें लगा कि जश्न में पटाखे फूट रहे हैं

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के स्टाकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हाल में अचानक गोलीबा. री हो गई। इस हाल में बच्चे की बर्थडे पार्टी चल रही थी। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोलीबारी की वजह और हमलावर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारियों के अनुसार, कुल 14 लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से 4 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि पहले हमें लगा कि बर्थडे पार्टी में पटाखे फूट रहे हैं। फिर पता चला कि गोलियां चल रही थीं। शहर के उप-मेयर जेसन ली ने फेसबुक पर लिखा कि आज मेरा दिल बहुत भारी है। एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में हुई इस सामूहिक गोलीबारी से मैं दुखी और गुस्से में हूं। हमारी कम्युनिटी को सच जानने का हक है और पीड़ित परिवारों को न्याय और हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उप-मेयर जेसन ली ने कहा कि जन्मदिन की पार्टी कभी भी ऐसी जगह नहीं होनी चाहिए जहां परिवारों को अपनी जान का डर हो। यह डरावना है। एक नेता के रूप में अपने लोगों को इससे गुजरते देखना मुझे अंदर तक झकझोर देता है।

# ब्रिटेन में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या

## झगड़े के बाद हमले का शक, विजय सरकारी नौकरी छोड़ पढ़ने गए थे



■ विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था
■ अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका

**लंदन।** ब्रिटेन में 30 साल के भारतीय छात्र विजय कुमार की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला था। परिवार ने भारत सरकार से तुरंत मदद, निष्पक्ष जांच और शव को जल्द से जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है। यह दर्दनाक घटना 15 नवम्बर की रात वार्सेस्टर शहर के बारबार्न रोड पर हुई।

विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या से पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उन पर चाकू से कई वार किए गए। हालांकि, अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका है और ब्रिटिश पुलिस ने इस घटना के बारे में कोई डिटेल जारी नहीं की है। चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी शेयर करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने लिखा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत लाया जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। परिवार का कहना है कि विजय बहुत होनह. ार और मेहनती छात्र था। विदेश में पढ़ाई का सपना पूरा करने गया उनका बेटा अब हमेशा के लिए खामोश हो गया। विजय ने 2025 की शुरुआत में सेंट्रल बोर्ड आफ एक्साइज एंड कस्टम्स की नौकरी से इस्तीफा दिया और ब्रिटेन में हायर एजुक. शन के लिए आवेदन किया था। वे ब्रिस्टल स्थित यूनिवर्सिटी आफ द वेस्ट आफ इंग्लैंड (यूडब्लयूई) में पढ़ाई कर रहे थे। वह कोच्चि में अपनी आखिरी पोस्टिंग पर तैनात थे, जब उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ी थी। हरियाणा में विजय का परिवार आशंका जता रहा है कि इस अपराध में हरियाणा या पंजाब का कोई व्यक्ति शामिल हो सकता है।

# पाक सरकार गाजा में भेजेगी सैनिक

■ उप पीएम डार बोले: हमास से समर्पण करवाना हमारा काम नहीं पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से सरेंडर करवाना नहीं है

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व में जारी गाजा संकट को लेकर पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाया है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। डार ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से समर्पण करवाना नहीं है, यह फलस्तीनी प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय कानून का विषय है।

डार ने कहा कि गाजा में किसी भी मिशन से पहले इस बात की जरूरत है कि सैनिकों की भूमिका, विनियमन, अधिकार और जिम्मेदारियां बिल्कुल स्पष्ट हों। आईएसएफ का मुख्य उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा पट्टी में स्थिरता, सुरक्षा और मानवीय व्यवस्था को बहाल करना है। डार ने साफ कहा कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। यह फलस्तीन के कानून और संबंधित अधिकारियों का दायित्व है, अन्य देशों को इसमें दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल शांति और स्थिरता बहाल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देगा। डार ने यह भी दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान 4000 सैनिकों की मौत और 20000 से अधिक जवानों के घायल होने जैसी भारी कीमत चुका चुका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान को सुरक्षा और आतंकवाद के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के लड़ाकों को सीमा इलाके में पनाह नहीं दी जानी चाहिए। डार ने दावा किया कि हाल में तालिबान सरकार ने उन्हें जानकारी दी कि सैकड़ों टीटीपी उग्रवादियों को हिरासत में लिया गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108